Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 226 | सोमवार, 18 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नड्डा ने किया ऐलान

# सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार



**नई दिल्ली।**

नड्डा ने कहा कि जैसा कि हमने पहले कहा, हम उनके संपर्क में हैं और हमारे वरिष्ठ नेताओं ने पहले भी उनसे संपर्क किया है और अब भी हम उनके संपर्क में रहेंगे और हमारे सभी एनडीए सहयोगियों ने हमारा समर्थन किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल और भाजपा नेता सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का उम्मीदवार घोषित किया। यह निर्णय भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में लिया गया, जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इसका ऐलान किया। नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष से भी बात करेंगे। हमें उनका समर्थन भी मिलना चाहिए ताकि हम सब मिलकर उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित कर सकें। नड्डा ने कहा कि जैसा कि हमने पहले कहा, हम उनके संपर्क में हैं और हमारे वरिष्ठ नेताओं ने पहले भी उनसे संपर्क किया है और अब भी हम उनके संपर्क में रहेंगे और हमारे सभी एनडीए सहयोगियों ने हमारा समर्थन किया है।

इससे पहले, उन्होंने 18 फरवरी, 2023 से 30 जुलाई, 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। उन्होंने मार्च से जुलाई 2024 तक तेलंगाना के राज्यपाल और मार्च से अगस्त 2024 तक पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। उन्होंने 1998 और 1999 में दो बार लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद कोयंबटूर का प्रतिनिधित्व किया। भाजपा के भीतर, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनसंघ के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। भाजपा के तमिलनाडु अध्यक्ष के रूप में, राधाकृष्णन ने नदियों को जोड़ने, आतंकवाद से निपटने और अस्पृश्यता उन्मूलन जैसे मुद्दों पर केंद्रित 93–दिवसीय रथ यात्रा शुरू की।

## राजनाथ सिंह की देखरेख में उपराष्ट्रपति चुनाव

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति चुनाव रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की देखरेख में होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को चुनाव एजेंट बनाया गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उपराष्ट्रपति पद के एनडीए की ओर से उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन मांगने के लिए विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फोन किया। गौरतलब है कि लंबी चली समीक्षा के बाद एनडीए उम्मीदवार के रूप में सीपी राधाकृष्णन के नाम का एलान हुआ है। झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं।

## || सार संक्षेप

### आज शुभांशु करेंगे पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।**



शुभांशु एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा थे, जो 25 जून को फ्लोरिडा से रवाना हुआ और 26 जून को आईएसएस पर पहुंचा। शुभांशु की 15 जुलाई को धरती पर वापस हुई। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों पैगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की (पोलैंड) और टिबोर कापू (हंगरी) के साथ शुभांशु ने 18 दिनों के मिशन के दौरान 60 से अधिक प्रयोग और 20 आउटरीच सत्र आयोजित किए। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला रविवार सुबह भारत लौट आए। वतन वापसी पर उनका दिल्ली एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत हुआ।

### लगातार बारिश से बढ़ा खीर गंगा का जलस्तर



**धराली(उत्तरकाशी)** दोपहर में खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से राहत और बचाव कार्य को तुरंत रोकना पड़ा। रविवार को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया जिसके चलते मलबे में चलाए जा रहे खोज अभियान को बीच में ही रोकना पड़ा। वहीं बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की ओर से मलबा काटकर बनाई गई सड़क भी एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने सुबह के समय रोजाना की तरह मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए सर्च अभियान शुरू किया था लेकिन दोपहर में खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से राहत और बचाव कार्य को तुरंत रोकना पड़ा। इसके बाद जलस्तर कम नहीं हुआ जिसके कारण दोपहर बाद सर्च अभियान नहीं चलाया जा सका। नदी का पानी बढ़ने के कारण न सिर्फ खोज अभियान प्रभावित हुआ बल्कि बीआरओ की बनाई गई सड़क को भी नुकसान पहुंचा। जलस्तर में बार-बार वृद्धि होने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## किश्तवाड़ के चिशोती में दो और शव मिले, एक की शिनाख्त



**किश्तवाड़।**

वीरवार को आई आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। रविवार को भी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ और पुलिस की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी रहीं। चिशोती में रविवार सुबह दो और शव मिले। इसके साथ ही वीरवार को आई आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। रविवार को भी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ और पुलिस की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी रहीं। रविवार सुबह मिले दोनों शव क्षत-विक्षत थे। इससे इनकी पहचान में मुश्किल हो रही थी। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि एक शव की पहचान हो गई।

# निर्वाचन आयोग के कंधों पर लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक दायित्व : अखिलेश

**नई दिल्ली।**



निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व निर्वाचन आयोग के कंधों पर है और जब आयोग सही रास्ते पर चल पड़ेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। यादव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं। यादव ने कहा, जब निर्वाचन आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। निर्वाचन आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

## बिहार से राहुल गांधी का हुंकार

# भाजपा पर साधा निशाना बोले- चुनाव चुराए जा रहे हैं

**नई दिल्ली।**



बिहार से राहुल गांधी ने 'मतदाता अधिकार यात्रा' का बिगुल फूंका, भाजपा पर चुनाव चुराने का बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे 'एसआईआर' के बहाने बिहार में वोटों की चोरी नहीं होने देंगे और देश में सच्ची जाति जनगणना सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को बिहार के सासाराम से अपनी 'मतदाता अधिकार यात्रा' शुरू की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर देश में चुनाव चुराने का आरोप लगाया। सासाराम में जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की ताजा साज़िश बिहार में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के बहाने यहां के चुनाव चुराने की है। राहुल ने दावा किया, 'हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे।' उन्होंने कहा कि अब पूरा देश जान चुका है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। राहुल के मुताबिक, पहले लोगों को यह नहीं पता था कि वोट कैसे चुराए जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस सच्चाई को सबके सामने ला दिया है।

राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही मायनों में जाति जनगणना नहीं करवाएंगे। हालांकि, उन्होंने भरोसा दिलाया कि 'इंडिया' ब्लॉक देश में सही मायने में जाति जनगणना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, 'हम वोट चोरी पर रोक लगाएंगे और रकफ की सच्चाई उजागर करेंगे।' राहुल गांधी ने इस मौके पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'लालू जी, डॉक्टर की सलाह के बावजूद यहां आने के लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।'


## कोच्चि-दिल्ली एअर इंडिया फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते रद्द

**कोच्चि।** एअर इंडिया के विमान के साथ रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। कोच्चि से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के लिए विमान ने रनवे पर दोड़ना शुरू किया तभी पायलट को उसमें तकनीकी खामी का पता चला। इसके बाद पायलट ने तुरंत उड़ान को रोकने का फैसला किया। विमान में केरल के एनार्कुलम से सांसद और कांग्रेस नेता हिबी ईडन भी सवार थे।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता टली, व्यापार समझौते की उम्मीदों को बड़ा झटका

**नई दिल्ली।**

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता टल गई है, जिससे भारतीय सामानों पर 27 अगस्त से लगने वाले अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से राहत की उम्मीदें कम हो गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल आयात को लेकर लगाए गए इन शुल्कों से कुछ भारतीय निर्यात पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा, जिससे भारत-अमेरिका व्यापार संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। अमेरिका और भारत के बीच होने वाली महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता फिलहाल के लिए टल गई है। अमेरिकी व्यापार वाताकारों का 25 से 29 अगस्त तक नई दिल्ली का दौरा रद्द हो गया है। इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत को आगे बढाना था। एक सूत्र के मुताबिक, इस वार्ता के रद्द होने से प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत में देरी होगी।



# छोटे अपराधों को सजा से बाहर करने वाला विधेयक लोकसभा में होगा पेश

**नई दिल्ली।**



350 से अधिक संशोधनों का प्रस्ताव

विधेयक का उद्देश्य कुछ छोटे-मोटे अपराधों को अपराध-मुक्त बनाकर भरोसा आधारित शासन को बढ़ाना देना और जीवन व कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करना है। सरकार छोटे-मोटे अपराधों को अपराध-मुक्त करने वाला यानी सजा के दायरे से बाहर रखने वाला जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025 सोमवार को लोकसभा में पेश करेगी। लोकसभा की वेबसाइट पर साझा की गई जानकारी के मुताबिक, जीवन और कारोबार सुगमता के उद्देश्य से लाए जा रहे इस विधेयक को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सदन में पेश करेंगे। विधेयक में 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। यह देश के कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। विधेयक का उद्देश्य कुछ छोटे-मोटे अपराधों को अपराध-मुक्त बनाकर भरोसा आधारित शासन को बढ़ाना देना और जीवन व कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में कहा था, हमारे देश में ऐसे कानून हैं, जो सुनने में भले ही आश्चर्यजनक लगें, लेकिन मामूली बातों पर कारावास का प्रावधान करते हैं, और किसी ने कभी उन पर ध्यान नहीं दिया। पीएम मोदी ने यह भी कहा था, मैंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया है कि भारतीय नागरिकों को बेवजह सलाखों के पीछे डालने वाले अनावश्यक कानून समाप्त किए जाएं। हमने पहले संसद में एक विधेयक पेश किया था, हम इसे इस बार फिर से लाए हैं। एक अधिकारी के मुताबिक, यह नया विधेयक देश में अधिक अनुकूल कारोबारी और नागरिक-केंद्रित वातावरण बनाने में मदद करेगा।

## संपादक की कलम से

# पीएम का चिप संबोधन

प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण और सुखद घोषणा यह की कि साल के अंत तक हम मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप बनाने लगेंगे। यदि यह घोषणा जमीनी स्तर पर साकार हो जाए, तो आने वाले 10–15 सालों में भारत वाकई सोने की चिडिया वाला देश बन सकता है। यह अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि वैश्विक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के आकलन हैं। भारत एक व्यापक, विविध



ललित शर्मा
संपादक

देश है, जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है, निवेश पर्याप्त हैं और सरकार की प्राथमिकता है, लिहाजा व्यापक स्तर पर चिप का उत्पादन संभव है। हालांकि हम अभी चीन, अमरीका, ताइवान सरीखे देशों से बहुत पीछे हैं। वे चिप्स क्रांति के देश हैं, जबकि भारत अभी शोध के दौर में रहा है। दुनिया डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण में प्रवेश कर रही है, जहां सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण एक रणनीतिक ताकत बन चुके हैं, लेकिन भारत अब भी तैयारियों के शुरूआती मोड़ पर खड़ा है। हालांकि गुजरात और बेंगलुरु में कुछ प्लांट लगाए गए हैं। स्टार्टअप भी काम कर रहे हैं, लेकिन अभी राष्ट्रीय उत्पादन के लिहाज से हम पीछे हैं। चीन आज दुनिया की डिजिटल रीढ़ है। माइक्रोचिप से लेकर मोबाइल फोन और सर्वर तक, हर जगह, उसकी उपस्थिति है। अब भारत के लिए चिप का राष्ट्रीय उत्पादन, विस्तार और रोजगार तकनीकी संप्रभुता का सवाल है। भारत के पास प्रतिभाशाली इंजीनियर और डिजाइनर हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के लिए चिप निर्माण के सूत्रधार बने हैं। यदि प्रधानमंत्री मोदी अपनी घोषणा को साकार कराने और उसे निरंतरता देने में सफल रहे, तो सेमीकंडक्टर चिप भारत के लिए तेल साबित हो सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण और देशव्यापी घोषणा प्रधानमंत्री ने जीएसटी को लेकर की है। सरकार ने अपने प्रस्ताव जीएसटी परिषद को विचारार्थ भेज भी दिए हैं। जीएसटी के दायरे में 10 लाख से ज्यादा वस्तुएं हैं। उसकी स्लैब दरें 12 फीसदी से घटा कर 5 फीसदी की जाती हैं, तो यह देश के लिए वाकई दीपावली का तोहफा होगा। ये वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं–टूथ पाउडर, नमकीन, सूखे मेवे, टूथपेस्ट, साबुन, पेनकिलर दवाएं, सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल और कम्प्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500–1000 रुपए की रेंज वाले जूते, बर्तन, ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर, पब्लिक वाहन, स्टोब, सीमेंट, फ्रिज, टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन आदि। जाहिर है कि आम आदमी को राहत मिलेगी। अब सिर्फ दो ही स्लैब होंगे–5 फीसदी और 18 फीसदी। जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस आदि वस्तुएं भी सस्ती होंगी। सरकार का आकलन है कि जीएसटी की दरें घटाने से लघु, सूक्ष्म, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे, ठेका श्रमिक बढ़ेंगे, आम आदमी की खर्च योग्य आय भी बढ़ेगी। देश की अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और जीडीपी 0.6 फीसदी से 0.7 फीसदी तक बढ़ सकती है। रोजगार देश की एक बुनियादी समस्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने 1 लाख करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की है। दावा किया जा रहा है कि इससे करीब 3.5 करोड़ युवाओं को नौकरियां और रोजगार मिल सकेंगे। इस संदर्भ में सवाल है कि क्या यह योजना बजटीय घोषणाओं से अलग है? सवाल यह भी है कि संसद में बजट पेश करते हुए एक घोषणा की गई थी कि देश की 500 बड़ी कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। भत्ता भी मिलेगा, हुनर भी सीख सकेंगे, सरकार पहली नौकरी पर 15,000 रुपए भी देगी। उस योजना का क्या हुआ, देश को अद्यतन स्थिति ब्रीफ की जाए। प्रधानमंत्री मोदी लालकिले से 103 मिनट तक बोले।

## डॉ. प्रियंका सौरभ



### मनीषा की अरदास

### कविता

मत रो माँ, अब मत रो,
तेरी बेटी की आवाज हम सब हैं,
न्याय की राह पर चल पड़े,
अब जाग उठा हर जन–जन है।

गूँजे धरती, गगन गवाह,
अन्याय के विरुद्ध उठे निगाह।
₹भाग गई होगी₹ कहना भूल,
अब टूट चुका हर झूठा फूल।

मनीषा तेरी कसम हमें,
लड़ेंगे जब तक साँस है।
न्याय की ज्वाला जलती रहे,
हर दिल में अब विश्वास है।

मोमबत्तियों का यह सागर,
बन जाए अग्नि का दरिया,
कातिलों को सजा मिले,
नारी फिर हो न दु:खिया।

मत रो माँ, अब मत रो,
तेरी बेटी की आवाज हम सब हैं,
न्याय की राह पर चल पड़े,
अब जाग उठा हर जन–जन है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत के डिजिटल स्वाधीनता और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने की चर्चा जोरों पर

वैश्विक स्तरपर आज सूचना व प्रौद्योगिकी का युग चल पड़ा है, मानव सभ्यता का इतिहास यह बताता है कि जो भी राष्ट्र ज्ञान, सूचना और तकनीक पर नियंत्रण स्थापित करता है, वही भविष्य की दिशा तय करता है। जो हम वर्तमान परिपेक्ष में चल रहे वैश्विक युद्धों, टैरिफ रूपी डर का डंडा व हर ओर मलाई की चादर अपनी तरफ खींचने की प्रथा जो चल पड़ी है उस परिपेक्ष में, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि 20 वीं सदी में औद्योगिक क्रांति ने दुनियाँ का चेहरा बदला, तो 21वीं सदी में सूचना और डिजिटल क्रांति ने मानव जीवन को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया। इस क्रांति के केंद्र में आज तक गूगल, फेसबुक, अमेजन और क्रोम जैसी विदेशी कंपनियाँ रही हैं। लेकिन अब यूट्यूब सहित अन्य प्लेटफॉर्म्स पर चर्चा जोरों से चल रही है कि भारत ने अपना स्वदेशी सर्च इंजन लॉन्च कर दुनियाँ की दूसरी सबसे बड़ी आबादी और सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था अब अपने डिजिटल भविष्य का नेतृत्व खुद करेगी।यह न केवल तकनीकी उपलब्धि होंगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर निर्णायक कदम भी होगा। हालांकि प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म सहित गवर्नमेंट के अन्य प्लेटफार्म पर सर्च करने पर अधिकृत रूप से भारत द्वारा ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की गई है ऐसा मैंने पाया। मैं ऐसा मानताहूं कि भारत इंटरनेट उपयोगकताओं के मामले में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है। 85 करोड़ से अधिक सक्रिय इंटरनेट यूजर और 55 करोड़ से अधिक सोशल मीडिया उपभोक्ता भारत को वैश्विक डिजिटल बाजार का केंद्र बनाते हैं। लेकिन इस विशाल जनसंख्या के डेटा और सूचना पर दशकों से विदेशी कंपनियों का वर्चस्व रहा है। गूगल 97 पेर्सेंट सर्च इंजन मार्केट पर कब्जा रखता है, फेसबुक और इंस्टाग्राम सोशल मीडिया पर राज करते हैं, और क्रोम भारत का सबसे लोकप्रिय ब्राउजर है।यह स्थिति केवल व्यापारिक प्रभुत्व तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत की डिजिटल संप्रभुता पर भी प्रश्न खड़ा करती रही। उपयोगकताओं की गतिविधियों, रुचियों और व्यवहार का विशाल डेटा विदेशी सर्वरों पर जमा होता रहा, जिससे न केवल अरबों डॉलर का मुनाफा विदेश जाता रहा बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी खतरे पैदा हुए। इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार और निजी आईटी कंपनियों ने मिलकर एक ऐसा सर्च इंजन विकसित करना जरूरी हो गया है जो भारतीय जरूरतों और भारतीय मूल्यों के अनुरूप हो। जिसमें इस तरह की तकनीकी हो कि वह भारत की 22 अधिकृत भाषाओं में भी रूपांतरित होकर के परफॉर्मेंस करें।यह नया सर्च इंजन अत्याधुनिक तकनीक का प्रतीक होना चाहिए।इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), बिग डेटा एनालिटिक्स और नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) जैसी तकनीकों का समावेश किया गया हो। हालांकि इन सभी गुणों से सुसज्जित सर्च इंजन भारत में लॉन्च हो गया है ऐसी चर्चा यूट्यूब पर चल रही है परंतु अधिकृत रूप से भारत सरकार द्वारा सूचना की जानकारी नहीं आई है? चूँकि 21वीं सदी में डेटा को ₹नया तेल₹ कहा जाता है।गूगल औरफेसबुक का साम्राज्य इसी डेटा-आधारित अर्थव्यवस्था पर खड़ा है। वे उपयोगकताओं की हर गतिविधि, क्या खोजा, क्या खरीदा, किससे जुड़ा, कहाँ गया, सबका रिकॉर्ड रखते हैं और उसे विज्ञापन कंपनियों को बेचते हैं।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के डिजिटल स्वाधीनता और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने की चर्चा जोरों




पर! साथियों बात अगर हम भारत के लिए ऐसे सर्च इंजन की जरूरत की करें जो भारत की 22 अधिकृत भाषाओं को कवर करें तो, उसमें ऐसी तकनीकी होनीं चाहिए (1) भारतीय भाषाओं का समर्थन-यह इंजन 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं और 50 से अधिक बोलियों में खोज परिणाम प्रदान कर सके। यदि कोई उपयोगकर्ता भोजपुरी में कोई सवाल करता है, तो उसे भोजपुरी में ही प्रासंगिक परिणाम मिलेंगे।(2)लोकलाइज्ड एल्गोरिद्मः-गूगल की तरह केवल अंग्रेजी या वैश्विक पैटर्न पर आधारित न होकर यह सर्च इंजन भारतीय संस्कृति, भूगोल और समाज को ध्यान में रखकर जानकारी छाँटता हो।(3)तेज और सटीक परिणामः-एआई आधारित एल्गोरिद्म उपयोगकर्ता के सर्च पैटर्न को समझकर व्यक्तिगत और सटीक जानकारी प्रदान करता हो, लेकिन डेटा का दुरुपयोग किए बिना। (4) वॉइस सर्च की सुविधाः भारत जैसे देश में जहां कई लोग टाइपिंग की बजाय बोलकर जानकारी खोजना पसंद करते हैं, वहाँ यह इंजन वॉइस सर्च को हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में सपोर्ट करता हो। (5) तकनीकी संरचनाः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भारतीय भाषाओं का संगम हो। साथियों बात अगर हम भारत का यह सर्च इंजन₹डेटा भारत में, भारत के लिए₹ की नीति पर आधारित होने की करें तो, (1) भारतीय सर्वर और डेटा सेंटरः सभी उपयोगकताओं का डेटा देश के भीतर सुरक्षित सर्वरों में संग्रहित हो। (2) डेटा गोपनीयता कानूनः यह इंजन भारत के नए ₹डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट₹ का पालन करता हो, जिससे नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा विदेश नहीं जाएगा। (3) निजी जानकारी का नियंत्रणः उपयोगकर्ता चाहे तो अपनी गतिविधियों को पूरी तरह निजी रख सकता हो। कोई भी विज्ञापनदाता बिना अनुमति डेटा तक नहीं पहुँच सकता हो।इससे भारत न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा बल्कि डिजिटल स्वतंत्रता की दिशा में भी दुनिया के लिए उदाहरण बनेगा। जो रेखांकित करने वाली बात होगी। साथियों बात अगर हम इस नए सर्च इंजन से स्टार्टअप और ई-कॉमर्स व शिक्षा, शोध और ज्ञान-परंपरा के लिए नया युग की करें तो, (1) भारत में 1 लाख से अधिक स्टार्टअप्स हैं, लेकिन उन्हें डिजिटल विज्ञापन और ग्राहक तक पहुँचने के लिए गूगल-फेसबुक को भारी रकम चुकानी पड़ती थी।यह नया सर्च इंजन उन्हें, कम लागत पर स्थानीय विज्ञापन सुविधा देगा।₹मेड इन इंडिया₹ उत्पादों को प्राथमिकता देगा।छोटे दुकानदारों और ग्रामीण उद्यमियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाएगा।इससे डिजिटल अर्थव्यवस्था में करोड़ों नए अवसर पैदा होंगे।(2) शिक्षा, शोध और ज्ञान-परंपरा-भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपरा रही है, लेकिन गूगल पर भारतीय स्त्रोतों को अक्सर प्राथमिकता नहीं मिलती। इस सर्च इंजन ने इसे सुधारने का प्रयास किया जायेगा।भारतीय विश्वविद्यालयों और शोध पत्रों को प्राथमिकताः आईआईटी, आईआईएससी, जेएनयू और अन्य संस्थानों के शोधपत्र अब अधिक आसानी से उपलब्ध होंगे।डिजिटल पुस्तकालय का एकीकरणः भारतीय भाषाओं के प्राचीन ग्रंथ और साहित्य भी खोज परिणामों में शामिल होंगे।छात्रों और शोधार्थियों को प्रामाणिक जानकारीः अब उन्हें विदेशी स्त्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।



गोंदिया

साथियों बात अगर हम, गूगल और फेसबुक को सीधी चुनौती, वैश्विक प्रतिक्रिया और भू– राजनीतिक महत्व एवं चुनौतियाँ और भविष्य की करें तो, अब तक गूगल का नाम ही ₹सर्च₹ का पर्याय माना जाता हैं। लेकिन भारत का नया सर्च इंजन इस एकाधिकार को तोड़ने की क्षमता रखता हो तो (1) विज्ञापन बाजार : भारतीय व्यापारी तब गूगल ऐडवड्र्स या फेसबुक ऐड्स पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्हें सस्ता और स्थानीय विकल्प मिलेगा।(2) कंटेंट प्राथमिकता : भारतीय वेबसाइट्स और स्थानीय कंटेंट को सर्च परिणामों में प्राथमिकता दी जाएगी, जो गूगल अक्सर नजरअंदाज करता है (3) पारदर्शिता : गूगल और फेसबुक के एल्गोरिद्म अक्सर रहस्यमय रहते हैं, लेकिन भारत का इंजन अपने एल्गोरिद्म और विज्ञापन प्रणाली में पारदर्शिता रखेगा।(3) इसका सीधा असर वैश्विक डिजिटल राजनीति पर पड़ेगा। अमेरिका की बड़ी कंपनियाँ भारत के इस कदम को अपनी आर्थिक ताकत पर हमला मानेंगी और कूटनीतिक दबाव बना सकती हैं।वैश्विक प्रतिक्रिया और भू–राजनीतिक महत्व–भारत का यह कदम केवल तकनीकी या आर्थिक मामला नहीं है, यह भू–राजनीति से भी जुड़ा है। अमेरिका :–गूगल और फेसबुक जैसी कंपनियाँ अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, वे भारत की इस पहल का कड़ा विरोध कर सकती हैं।चीन और रूस :– चीन पहले ही अपने बाईडू और रूस अपने यांडेक्स सर्च इंजन के माध्यम से डिजिटल स्वायत्तता हासिल कर चुके हैं। वे भारत का स्वागत करेंगे और सहयोग की पेशकश कर सकते हैं।युरोपीय संघ :–जो पहले से डेटा सुरक्षा को लेकर सख़्त रुख अपनाता रहा है, वह भारत की इस पहल का समर्थन कर सकता है।इस प्रकार भारत का यह कदम वैश्विक इंटरनेट गवर्नेंस में शक्ति संतुलन को बदल देगा।चुनौतियाँ और भविष्य :–(1) किसी भी बड़े कदम की तरह इस पहल के सामने भी चुनौतियाँ होंगी।(2) गूगल जैसी कंपनियों के पास अरबों डॉलर का अनुसंधान बजट है।(3) उपयोगकताओं की आदत बदलना कठिन है, क्योंकि गूगल का नाम ही ₹सर्च₹ का पर्याय बन चुका है।

# क्या पीएम नरेंद्र मोदी के सितंबर अमेरिकी दौरा से आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलेगी?

पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित अमेरिका यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक ऐसे समय में हो रही है जब हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रभावित हुए हैं। पहले इन सम्बन्धों पर रूस-यूक्रेन की वक्र दृष्टि पड़ी और फिर भारत-पाक सीमित संघर्ष और इजरायल-ईरान युद्ध की। चाहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हों, या अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स, दोनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ₹टफ नेगोशिएटर₹ यानी ₹कठोर वातार्कार₹ बताते आए हैं। इसका अभिप्राय एक ऐसे व्यक्ति से होता है जो बातचीत में आसानी से हार नहीं मानता, अपनी बात पर दृढ़ रहता है और समझौते पर पहुंचने के लिए आसानी से झुकता नहीं है। जब-जब मैं उन दोनों नेताओं के मुख से टंप नेगोशिएटर शब्द सुनता हूँ तो महसूस करता हूँ कि आखिर इन अमेरिकियों के मन में चल क्या रहा है? लेकिन अब उन बातों का जवाब मिल चुका है। वह यह कि अमेरिका को चीन के मुकाबले एक मजबूत भारत नहीं, बल्कि पिछलग्गू भारत की जरूरत है। वहीं, भारत विरोधी पाकिस्तान व बांग्लादेश को पुनः भड़काकर अमेरिकी नेताओं ने मित्रता की आड़ में जो शत्रुतापूर्ण चालें चलीं हैं, उसके भी सही जवाब का उन्हें इंतजार करना होगा, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी आजतक किसी के चतुराई भरे व्यवहार या दुर्व्यवहार को कभी भूलते नहीं हैं और उचित वक्त आने पर सूद समेत ऐसा वापस करते हैं, जिसे दिग्गज नेता व उद्योगपति ज्यादा समझते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह अच्छा लग रहा है या बुरा। दरअसल, यह बात मैं इसलिए कर रहा हूँ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सितंबर माह में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने के लिए मित्र से शत्रु बनते जा रहे देश अमेरिका का अहम दौरा कर सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित अमेरिका यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक ऐसे समय में हो रही है जब हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रभावित हुए हैं। पहले इन सम्बन्धों पर रूस-यूक्रेन की वक्र दृष्टि पड़ी और फिर भारत-पाक सीमित संघर्ष और इजरायल-ईरान युद्ध की। भारत-चीन की आंखमिचौली की बात अलग है। गौरतलब है




ऐसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने का दावा किया तो नई दिल्ली ने उनके इस दावे का खंडन कर दिया। वहीं रूस-चीन से सीधी शत्रुता मोल नहीं ली। वहीं, गुटनिरपेक्ष भारत ने ग्लोबल साउथ को जो नेतृत्व दिया उससे भी विकसित देश चिढ़े हुए हैं। लिहाजा, सुलगता हुआ सवाल है कि क्या पीएम नरेंद्र मोदी के संभावित सितंबर अमेरिकी दौरा से आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलेगी? यदि हां तो फिर क्या इसके मायने दोनों पक्षों के लिए हितकारी साबित होंगे? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने नवोदित पार्टनर भारत और पीएम मोदी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं? आखिर वो क्या वजह है कि अमेरिका, अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धी चीन का घोर विरोधी होने के बावजूद भी उसे अब नजरअंदाज कर रहा है, जबकि पहले सीधे टारगेट पर लिया करता था? यक्ष प्रश्न है कि भारत का नया करीबी पार्टनर होने के बावजूद अमेरिका उसे आंख पर आंख क्यों दिखाता जा रहा है! क्या भारत के साथ जारी टैरिफ युद्ध सिर्फ व्यापार तक सीमित है या फिर इसका अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक एजेंडा कुछ और है? इस लिहाज से प्रासंगिक सवाल है कि क्या ट्रंप सरकार भारत के साथ अपने संबंधों में तनाव बढ़ाकर एक बड़ी वैश्विक भूल कर रही है? या फिर यूरोपीय संघ के देशों, पाकिस्तान और चीन को पुनः पटाने के लिए वह अपने पुराने ढर्रे पर जा रहा है? समझा जाता है कि इन सभी सवालों के उत्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर अमेरिका यात्रा से मिल सकती है। क्योंकि उन्हें 21 वीं सदी का एशियाई बिस्मार्क समझा जाता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी के मुताबिक, यहीं पर उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री मोदी से होगी, जैसा कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया है। समझा जाता है कि भारतीय विदेश नीति की परिपक्वता से 'खूनी कारोबारी' के रूप में मशहूर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्धोन्मादी एशियाई सपने धरे के धरे रह गए हैं। इसलिए ट्रंप बौखलाए हुए हैं। तभी तो उन्होंने पिछले महीने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया। इसके साथ ही रूसी तेल के आयात पर 25 फीसदी अतिरिक्त जुमार्ना टैरिफ लगाकर इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। जबकि भारत सरकार ने कहा है कि टैरिफ के मुद्दे पर दोनों देशों की ओर से कई मुद्दों/मोर्चों पर बातचीत चल रही है। लिहाजा, मोदी के अमेरिका दौरे का मुख्य उद्देश्य ट्रंप से व्यापार मुद्दों पर चर्चा करना और टैरिफ समझौता करना हो सकता है। यह भी अजीबोगरीब बात है कि भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी देश अमेरिका-चीन की यात्रा प्रधानमंत्री मोदी इसी अगस्त/सितंबर माह में करने वाले हैं, जो उनका जन्म माह भी है। इसलिए करिश्माई परिणाम की उम्मीद रखी जा सकती है। वहीं, मित्र देश रूस के राष्ट्रपति नवंबर-दिसंबर में भारत आएंगे। जबकि भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर 21 अगस्त को रूस में अपने समकक्ष से कूटनीतिक व रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की बात करेंगे।

वहीं, अक्टूबर में क्वाड सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंफ के भी भारत आने का कार्यक्रम है, लेकिन उनके बदलते वैश्विक रूख के चलते यह मामला आगे बढ़ेगा या खटाई में पड़ेगा, गुजश्ता वक्त बताएगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का 80वां सत्र 9 सितंबर को शुरू होगा। जिसके बाद उच्च स्तरीय सामान्य बहस 23-29 सितंबर तक चलेगी, जिसमें ब्राजील सत्र का पारंपरिक पहला वक्ता होगा, उसके बाद अमेरिका होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को प्रतिष्ठित यूएनजीए मंच से विश्व के नेताओं को संबोधित करेंगे। यह व्हाइट हाउस में उनके दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र में उनका पहला संबोधन होगा। जबकि, भारत के शासन प्रमुख पीएम नरेंद्र मोदी 26 सितंबर की सुबह सत्र को संबोधित करेंगे। बताया जाता है कि इसी दिन इजरायल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के राष्ट्राध्यक्ष यानी पीएम और राष्ट्रपति का भी यूएनजीए की आम बहस को संबोधित करने का कार्यक्रम है। ततपश्चात इसका समापन 29 सितंबर को होगा। बता दें कि यह वार्षिक बैठक वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और समाधानों पर सहयोग करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों के नेताओं को एक साथ लाती है। बताया जाता है कि इसी अमेरिकी यात्रा के दौरान उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से मुलाकात की संभावना है, जिसके बाद दोनों देशों के नेताओं के बीच अलग-अलग समयों पर व्यापार मुद्दों और युद्व रोकवाने पर बातचीत हो सकती है। इस बातचीत में अमेरिकी टैरिफ को लेकर पारस्परिक सहमति बनाने पर भी जोर रहेगा। बता दें कि नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में हुई थी जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका गए थे। रिपोर्टों के अनुसार, पीएम मोदी की यात्रा की तैयारियां चल रही हैं और अगस्त के अंत तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। गौरतलब है कि अपनी पिछली द्विपक्षीय बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में, पीएम मोदी और ट्रंप ने 2025 के अंत तक पारस्परिक रूप से दोनों के लिए फायदेमंद, बहु-क्षेत्र द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किश्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की थी।

लेकिन व्यापार वार्ता के बीच ही ट्रंप ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया, जिसमें नई दिल्ली की रूसी तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत भी शामिल था, जो 27 अगस्त से लागू होगा। वहीं, पिछले सप्ताह ट्रंप के कार्यकारी आदेश में 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और भारत के प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए छठे दौर की वार्ता के लिए अमेरिका की एक टीम 25 अगस्त से भारत का दौरा करने वाली है।

# जे.एफ.ए. स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस भव्यता से सम्पन्न

**फतेह खान**



शुजागंज (रुदौली/अयोध्या) जे.एफ.ए.स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को बड़े ही भव्य, गरिमामयी एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। प्रबंधक आदिल शेख ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा प्रांगण ह्लवन्दे मातरम्ह्व और ह्लभारत माता की जयह्व के जयघोष से गूंज उठा। इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत, कविताएं, और भाषणों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अशोक कुमार वर्मा ,नोमान हाफिज जी, सचिन यादव, दिलीप कुमार, अमित यादव , जितेंद्र तिवारी और पत्रकार फतेह खान जी समस्त स्टाफ के मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में झंडा रोहण किया गया । अंत में विद्यालय परिवार ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सामूहिक संकल्प लिया। सभी को मिठाई वितरित की गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वा स्वतंत्रता दिवस

**फतेह खान**



**शुजागंज अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र रूदौली के अंतर्गत आदिल पुर शुजागंज में स्थित हाजी अब्दुल्लाह काजिम इंटर कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 79वा स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां विद्यालय प्रधानाचार्य महमूद अली ने ध्वजारोहण किया। उसके पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जोकि कस्बा शुजागंज होते हुए पुलिस चौकी से हो पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई, प्रतिभागी बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत, भाषण, तथा नात की प्रस्तुति की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य महमूद अली ने भारत देश को अंग्रेजी हुकूमत से किस तरह आजाद कराया, किन किन महान पुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति देते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाई के विषय में बताया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव, अध्यापक धनीराम, हाफिज अखलाक, सहित समस्त अध्यापक गण छात्र छात्राये मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर किसानों का 15वें दिन भी जारी रहा धरना

**रणविजय सिंह**

**सिद्धौर बाराबंकी।** विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के मुर्तजीपुर गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना रविवार को 15वें दिन भी जारी रहा। कोपवा गांव के मोड़ के पास भाकियू अराजनीतिक बैनर तले है। किसानों की जिला स्तरीय मासिक बैठक हुई। किसानों के कई समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा और जिला उपाध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मदपुर चंदी सिंह सुरेंद्र कुमार वर्मा ने किसानों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण धरना देना पड़ रहा है। 20 अगस्त को जिला प्रशासन से 11 बजे तक यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया तो व हम सभी किसान लखनऊ कूच करने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन की निष्क्रियता की शिकायत प्रमुख सचिव से करने की बात कही। श्री वर्मा ने कहा कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क निरीक्षण तो दूर किसानों से वार्ता तक नहीं की। जबकि इस समस्या के समाधान के लिए कई ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी कारण अनिश्चितकालीन धरना है इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार वर्मा युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद सुनील सिंह जिला संगठन मंत्री उस्मान अली, चौधरी जमालुद्दीन , सुधीर वर्मा सनत वर्मा, कुंवर बहादुर सिंह सरदार अजय पटेल लल्लन राजेंद्र यादव, रावत मुकंदी लाल अभिषेक बाजपेई महेश रावत सचिन पांडे अंकित वर्मा आदिल खान महेश यादव भानु प्रताप विजय वर्मा मुलायम सिंह हनुमान यादव धर्मेंद्र सिंह वर्मा पंकज पटेल राकेश वर्मा हरिहर वर्मा सुशील कुमार सुरेंद्र अनिल वर्मा मनीष पटेल फूलचंद प्रेम प्रकाश भिखारी लाल राम मगन रावत निर्मल वर्मा रामदयाल रावत राजाराम सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंडित जी का पत्रकारिता में अतुलनीय योगदान है : अमन कुमार त्यागी

**वेलकम इंडिया , नितिन शर्मा**



**धामपुर।** शोधादर्श के संपादकाचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा विशेषांक का विमोचन-लोकार्पण शिवाजी पार्क स्थित पंडित जी की प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न हुआ।

संपादक आचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा सम्मान समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद अग्रवाल नवीन ने और संचालन डॉ अनिल शर्मा और मनोज कात्यायन (संयोजक) ने किया। मुख्य अतिथि डॉ पंकज भारद्वाज ने कहा कि संपादकाचार्य की स्मृतियों को संजोए रखने की कड़ी में यह विशेषांक एक मील का पत्थर है। एक ही जिल्द में पंडित रुद्रदत्त शर्मा पर इतनी सामग्री अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं है। यह विशेषांक एक ऐसा दस्तावेज बन गया है जो आने वाली पीढ़ियों को उनके संबंध में बताता रहेगा। संपादक शोधादर्श अमन कुमार त्यागी ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता में अतुलनीय योगदान करने वाले पत्रकार पंडित रुद्रदत्त शर्मा जी पर भारतवर्ष के सभी पत्रकारों को गर्व है। धामपुर स्थित उनकी एकमात्र प्रतिमा के समक्ष इस विशेषांक का विमोचन लोकार्पण एक ऐतिहासिक पल है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा ने कहा कि पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय और यह प्रतिमा अमूल्य धरोहर है,आज इन धरोहरों यह विशेषांक भी जुड़ गया है।डॉ अनिल शर्मा अनिल ने पंडित रुद्रदत्त जी के संबंध में चर्चा करते हुए अमन कुमार त्यागी के श्रम औरर संयोजन से तैयार इस विशेषांक में उल्लेखित कुछ विशेष बिंदुओं को रेखांकित किया। अध्यक्षीय संबोधन में दिनेश चंद अग्रवाल नवीन ने पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय के नामकरण और उद्घाटन के संस्मरण सुनाते हुए अमन कुमार त्यागी के कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। समाजसेवी विवेक अग्रवाल और डॉ.अमित कुमार सिंह और रोमियो मयूर अपने विचार व्यक्त करते हुए पंडित जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मनोज कात्यायन ने पंडित रुद्रदत्त शर्मा सम्मान समिति के कार्यों की चर्चा करते हुए इस पत्रिका को महत्त्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

# बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन पर ध्वजारोहण किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**किरतपुर।** बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन पर 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण स्टेशन मास्टर चन्द्रशेखर शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए ट्रेन रोको आंनदोलनकारी एड. तलहा मकरानी समाज सेवी ने स्वतंत्रता दिवस की रेल मंत्रालय, बडौदा हाऊस, मण्डल मुरादाबाद उ. रे. व बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन स्टाफ व नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहा देश आजादी के लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया तब जाकर हमें आजादी मिली और संविधान ने हमें वॉक व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया यही स्वतंत्रता वहा हस्तक्षेप की आजादी नहीं देती जहाँ दूसरे का अधिकार शुरू होता है। कार्यक्रम में चंद्रशेखर शर्मा एडवोकेट तलहा मकरानी समाजसेवी, एड- अंकित रस्तोगी अध्यक्ष एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर, सुमित आदि रहे कार्यक्रम के अंत में रेलवे यात्रियों को मीठाई वितरण की।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** हमारे विद्यालय के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ गया। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। जैसे ही तिरंगा शान से लहराया, पूरा वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। जोशीले नारों ने प्रत्येक हृदय में देश के प्रति गर्व की भावना को प्रज्वलित कर दिया। इसके बाद सभी ने एक स्वर में राष्ट्रीय गान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान प्रकट किया। ध्वजारोहण उपरांत, कक्षावार क्रम में सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मेलन कक्ष की ओर प्रस्थान किए, जहाँ मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पूरे कार्यक्रम की संचालन की बागडोर कुशल एंकर्स ग्रेस और अंशरा ने अपने आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण और जोशीले अंदाज से संभाली। उनकी बेहतरीन कॉम्पियरिंग ने कार्यक्रम के हर चरण को जोड़े रखा और दर्शकों में उत्साह बनाए रखा। कार्यक्रम में विविध रंगों की झलक देखने को मिली भारत माता वंदना ने भक्ति और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत संगम दिखाया। इसके बाद समूह गीत ने स्वर-लहरियों से सभी के हृदय को छू लिया। प्रस्तुति जहां डाल-डाल पर ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और साहस को सजीव कर दिया। कक्षा 6 की इनाया का प्रभावशाली भाषण हर विद्यार्थी के मन में यह संदेश छोड़ गया कि स्वतंत्रता की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। इसके बाद मंच पर देशभक्ति मैशअप नृत्य आया, जिसने दर्शकों को ऊर्जा और जोश से भर दिया। कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक रंग भरते हुए कृष्ण जन्माष्टमी पर आधारित नाटक ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं को जीवंत कर दिया, जिसे देखकर सभी के चेहरे पर मुस्कान और हृदय में आनंद उमड़ पड़ा। प्रधानाचार्य के प्रेरणादायी संबोधन ने कार्यक्रम को एक गहन संदेश दिया।

# लाइफलाइन अस्पताल के डॉक्टर चाहल ने मानी अपनी गलती पत्रकारों ने दिखाई दरियादिली



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** लाइफ लाइन हॉस्पिटल में चिकित्सकों व पत्रकारों के बीच हुए विवाद का आज तहसील प्रांगण में आपसी समझौता हो गया। तहसील परिसर में आज सुबह 10 बजे से मीडिया कर्मियों ने देर शाम तक धरना-प्रदर्शन किया, जिसमें काफी संख्या में मीडिया कर्मी मौजूद रहे। वहीं, किसान यूनियन के फुरकान खान, किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन तोमर, इफ्तेखार पहलवान, चौधरी सहित उत्तराखंड से आए पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलशाद अली, मुख्तार मालिक, समाजसेवी सनाउल्लाह मंसूरी सहित कई संगठनों के लोगों ने आकर पत्रकारों के धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। बाद में, लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर अशोक चाहल ने सीओ कार्यालय के बाहर मौजूद पत्रकारों के बीच पहुंचकर चार दिन पूर्व हुई घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार भी हमारे समाज का अंग हैं और हमारे भाई-बंधु हैं। आगे ऐसी कोई पुनरावृत्ति नहीं होगी। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुए इस मामले का पटाक्षेप हो गया। इस मौके पर इरफान अंसारी, जितेंद्र जैन, अवधेश शर्मा, टी एस मालिक, डॉक्टर आफताब नोमानी, अफजाल अहमद, शहजाद नोमानी, शाही अराफात, जकी मालिक, विपिन ठाकुर, अशरफ अली, जीशान नजीबाबादी, रामोद कुमार, अंकित शर्मा, विकास चौधरी, राजवीर सिंह, संजीव ठाकुर, शाकिर कुरैशी, मुस्तकीम अहमद, अक्की चांद, मोहम्मद हाशिम, चेतना गुप्ता, सपना वर्मा, नरेंद्र सिंह, सतीश वर्मा, अर्पित वर्मा, सोमपाल सिंह, शेर अली, इकबाल अहमद, सूरज सिंह, सरफराज अब्बासी, इकराम अहमद, अनुकूल शर्मा, नवाब अली, राजपाल चौहान, शहजाद मालिक, अनिल सक्सेना, महमूद रजा, पवन कुमार, संतराम शर्मा, आफताब अहमद, शाहनवाज अहमद, प्रशांत अहलावत, हिमांशु जोशी, सुनील कुमार, जीशान अहमद, लोकेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# थैलेसीमिया मुक्त अभियान चला कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं हाजी फहीम अख्तर



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद ग्लोरियस इंग्लिश मेंशन मोहल्ला नवाबपुरा नजीबाबाद में में एक रक्त दान कैंप का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ग्लोरियस इंग्लिश मेंशन के डायरेक्टर के पिता जी और माता जी रहे। रक्त दान को सफल बनाने में ग्लोरियस इंग्लिश मेंशन के संचालक जनाब रजी अमान अहमद वा उनकी टीम से अजीम खान का सहयोग रहा तथा रक्त दान महा दान टीम के लीडर जनाब फहीम अख्तर व ब्लॉक सचिव मोहम्मद कासिम नगर सचिव मोहम्मद सलमान खान नगर अध्यक्ष राहुल कुमार मीडिया प्रभारी जुनेद अंसारी हिन्द ब्लड बैंक के संचालक डॉयरेक्टर मशाहिर साहब सुपरवाइजर रियाज तकनीशियन आकाश , हिरदेश इकरा वंदना नितिन ने रक्त दान शिविर में सहयोग किया। जिसमे दोनो संस्था की टीमों ने अपना योगदान दिया और रक्त दान कैंप में हिन्द ब्लड बैंक बिजनौर को 28 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ जो कि एक बड़ी सफलता है और हम चाहेंगे कि जिस तरह इस कैंप में लोगो ने हिस्सा लिया है आगे भी इस तरह हिस्सा लेते रहे और अन्य लोगो को भो जागरूक करें।

# ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह के साथ किया ध्वजारोहण

**वेलकम इंडिया**

सिद्धौर बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा स्वतंत्रता दिवस पर पूजा सिंह ने प्रकाश डाला मौके पर एडीओ पंचायत रेखा चौधरी अमित कुमार गीता वर्मा सुषमा अवस्थी सबा फातिमा आदि ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन रमन्ता रावत व अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक कुमार संजय पांडे बाल विकास परियोजना कार्यालय पर परियोजना अधिकारी शशि सिंह पुलिस चौकी कार्यालय पर चौकी प्रभारी राम प्रकाश मिश्रा पशु स्वास्थ्य केंद्र पर मोहम्मद शमीम अहमद राजकीय यूनानी चिकित्सालय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर चिकित्सा प्रभारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय शेषपुर हकीम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रेखा चौधरी ने ध्वजारोहण किया।आदर्श इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेश यादव, रामलाल जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक डॉक्टर रामसेवक, वीणा वादिनी शीश ज्ञान मंदिर में प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद, नवयुग पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य शिवकुमार पाठक, भारत माता इंटर कॉलेज में प्रबंधक डॉक्टर रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विकासखंड के ग्राम पंचायत भुनाई रूद्र अमृत सरोवर तालाब पर ध्वजारोहण खंड विकास अधिकारी सिद्धौर पूजा सिंह द्वारा किया गया।

मोहम्मदपुर चंदी सिंह सरोजिनी देवी ने पंचायत भवन पर ध्वजारोहण किया।इस मौके पर ग्राम सचिव, अजय नाथ गौड, संजय चौधरी, रवीन्द्र कुमार, सियाराम उत्तम कुमार कृष्ण कुमार कनौजिया प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हामिद मौजूद रहे ।



# नन्दा देवी राज जात यात्रा की द्वितीय बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़** ,दिनेश नेगी, नन्दा देवी राज जात यात्रा को भव्यता से आयोजित करने हेतु क्षेत्रीय लोगों की ब्लॉक सभागार में संयुक्त बैठक हुई। चन्द वंशज कुंवर राकेश की अध्यक्षा में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कुमाऊं, गढ़वाल के विभिन्न जिलों के लोग पहुंचे। बैठक में रानीखेत, चौखुटिया, अल्मोड़ा, द्वाराहाट, थराली, कुलसारी, नन्दकेशरी, कपकोट, गरुड़ के लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक में कुंवर राकेश ने बताया कि 2026 में होने वाली राज जात यात्रा में लाखों की संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए इसे भव्य बनाने के लिये कुमाऊं गढ़वाल के लोगों की राय ली जा रही है। कुमाऊ राजवंश से तालुक रखने वाले विनोद कुमार जोशी ने कहा कि यह यात्रा 1925 से हमारे पूर्वजों द्वारा चलाई है। यह कुम्भ ही नहीं बल्कि महाकुंभ है। विधायक पार्वती दास ने कहा कि नन्दा राज जात यात्रा को भव्य बनाने के लिये हर संभव प्रयास किया जा रहा है ।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने बताया कि नंदा राज यात्रा की द्वितीय बैठक गरुड़ में हुई जिसमें नंदा राज जात यात्रा से जुड़े लोगों ने अपनी बात रखी। और इसे भव्य स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा हर संभव मदद देने की बात कही। कैसे यात्रा भव्य होगी, इसको लेकर सभी लोगों में उत्साह है ।बैठक में दोनों मंडलों के लोग इसे भव्य बनाने में जुटे है, इसलिए बागेश्वर जिले में यात्रा पहुंचने पर इसके लिए कोई कोरकसर नही की जाएगी। बैठक मेंअल्मोड़ा विधायक मनोज तिवाड़ी, मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, गंगा बिष्ट, कैलाश शर्मा, रघुवीर चौहान, बिट्टू कर्नाटक, कुबेर कठयात, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा, ललित लटवाल, मनोज वर्मा, राजा भैय्या, सहित हजारों लोग मौजूद रहे ।बैठक में नन्दा राज जात यात्रा में लगने वाले सड़क, पैदल रास्ते, स्वास्थ्य सेवा, पानी, बिजली, यात्रियों के रहने की सुविधा, भोजन व्यवस्था, यात्रा रूटों पर इमरजनेसी हेतु हेली सेवा, सहित सारी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए यह बैठक की जा रही है। सभी लोगों ने अपने स्तर से आवश्यक सहयोग देने का भरोसा दिया।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर टड़िया धाम में मटका फोड़ प्रतियोगिता

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व पर श्री माता वैष्णो देवी टड़िया धाम मंदिर परिसर में रविवार को परंपरागत दही मटका फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में जुटी भारी भीड़ ने कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर सिंह चौहान ने की। प्रतियोगिता में टड़िया धाम, जोगीबारी, एकडेंगा व भावपुर की टीमों ने भाग लिया और अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में अंततः टड़िया गांव की टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए लगातार चौथी बार मटका फोड़ने का गौरव हासिल किया। मटका फूटते ही मंदिर परिसर ह्लजय श्रीकृष्णह्व के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु उत्साह में झूम उठे।



विजेता टीम को मिला 11 हजार का पुरस्कार कार्यक्रम के समापन पर मंदिर कमेटी की ओर से विजेता टीम को 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। आयोजक मेजर सिंह चौहान ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। टीम के खिलाड़ियों का सम्मान मटका फोड़ने वाली विजेता टीम में राहुल, मनोरथ, कन्हैया लाल, लवकुश, आकाश, सुमिरन, शिवपूजन, संदीप, शिवा, राजू, साजू, सोनू, अमरनाथ, बबलू, गोलू, मुकेश, मसरूर, पूजू, कुलदीप, विशाल, शिवा चौहान, विशाल चौहान, राकेश गुप्ता सहित कई युवा शामिल रहे। ग्रामवासियों की भारी मौजूदगी रही। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही। पूरा कार्यक्रम भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस पर हुआ आल्हा कार्यक्रम



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 11 भगत सिंह नगर फूलपुर पांडे स्थित एक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार की दोपहर वीर रस आल्हा कार्यक्रम का किया गया। इसमें भाजपा नेताओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कापिया लोहटी गांव निवासी गणेश पांडेय ने आल्हा सुनाई। आल्हा का विषय था लंका कांड। आल्हा सुनकर नागरिक गदगद हो गए। कार्यक्रम में ढोलक पर राम विलास पांडेय और पिछुवा पर अभिराम पांडेय ने संगत दी। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर त्रिपाठी ने आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर संजय सिंह, कालिया बाबा, मंतोष पाठक, राहुल पांडेय, आकाश मिश्रा, अमित पांडेय आदि भारी संख्या में आल्हा श्रोता मौजूद रहे।

# देवनाई में माता भगवती आठों का विधिवत शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



गरुड़,दिनेश नेगी, गरुड़ तहसील के देवनाई, भगरतोला, कोलतुलारी ग्राम सभा के संयुक्त आयोजन से दस साल बाद मा भगवती आठों जागरण शुरू हो गया है ।मेले का रंगारंग शुभारंभ धूमधाम से शुरू हो गया है। भक्ति भाव से मेले में भक्तों ने पारम्परिक तरीके से पूजा अनुष्ठान किया ।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने समस्त क्षेत्र वासियों से आठों में जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि सभी क्षेत्र वासी दस दिनों तक चलने वाले आठों महोत्सव में आमंत्रित है। भगरतोला निवासी गोपाल दत्त कांडपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दस साल बाद पुनः क्षेत्र में आठों का आयोजन किया गया है। प्रकृति और खेती किसानी में समृद्धि के लिए आठों का महत्व है। ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा ने महत्व पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की समृद्धि के लिए और सुख शांति के लिए आठों का विशेष महत्व है। मंगल राणा ने बताया कि मैठान जोशी मठ से मैठानी लॉगिन ने देवनाई में भगवती की स्थापना किया तब से बोरा लोग आठों पर्व की अगुवाई करते आ रहे है। भगवती मैया को समर्पित आठों पर्व का समापन 27 अगस्त को महा भंडारे के साथ किया जाएगा। आठों पर्व में ये रहे मौजूद -दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा, मंगल राणा, गोपाल कांडपाल, सुनील दोसाद, खस्ती देवी, कमला देवी, अम्बुली देवी, प्रेमा देवी, हेमा देवी, चंपा देवी,ज़िलापंचायत सदस्य भास्कर बोरा, किशन राणा, घनश्याम जोशी, सुंदर बरोलिया, केदार सिंह बोरा, मंगल सिंह बोरा देवी डांगर, किशन्नांद मैथानी देवी डांगरआदि मौजूद थे।

# पुलिसकर्मियों पर युवकों से अभद्रता कर मारने-पीटने का आरोप

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढ़नी/ सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी बाजार में शनिवार रात 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण भगवान के जन्मदिन का कार्यक्रम खत्म होने के बाद तीन पुलिसकर्मी ने दो युवकों को पीट दिया। इसका सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल से बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, दैनिक वेलकम इण्डिया वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करती है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को बढ़नी कस्बे में जन्माष्टमी त्योहार को लेकर जगह-जगह उत्सव से मनाया जा रहा था। 12 बजे के बाद कार्यक्रम खत्म होने के बाद नगर पंचायत वार्ड नंबर पांच के दो युवक पानी पीने के लिए बस स्टॉप तिराहे पर गए थे। आरोप है कि उसी दौरान ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया और अभद्रता कर मारने-पीटने लगे। इसी बीच स्थानीय निवासी विवेक ने उनको ऐसा करता देख विरोध किया तो उन पुलिसकर्मियों ने विवेक को किनारे ले जाकर बेहरमी मारा-पीटा। इस मामले की जानकारी होते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिसकर्मियों के इस रवैया का विरोध करने लगे। देखते ही देखते मामले ने तूल पकड़ लिया। मामले की जानकारी होने पर नगर पंचायत बढ़नी के अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने तत्काल पुलिस अधीक्षक को फोन कर वारदात की जानकारी दी।

# कस्बा छाता में निकली कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/छाता।** मथुरा के अलावा पूरे देश एवं विश्व भर में अजन्मे के जन्म को लेकर धूम मची हुई है। सभी लोग परम ब्रह्म के जन्म उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए ललाइत आनंदित है। वहीं 52 गांव के यदुवंश समाज द्वारा शनिवार को शाम 4:00 बजे श्री कृष्ण जन्माष्टमी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मथुरा जिले के साथ साथ कस्बा छाता में भी परम ब्रह्म के जन्मोत्सव को धूमधाम दिव्य तरीके से मानने के लिए भव्य शोभायात्रा निकाल गई। यह शोभायात्रा समाज के द्वारा पिछले 3 वर्षों से कस्बा छाता में निकाली जा रही है। शोभायात्रा में कई प्रांतों से यदुवंश समाज के लोग आकर शामिल हुए ।मंच पर विराजमान व कार्यक्रम में पधारे महानुभावों का छाता की सरदारी ने पीली पगड़ी स्वाफा पहनाकर स्वागत किया , यह विशाल शोभा यात्रा कस्बा स्थित हनुमान बगीची से प्रारंभ हुई। वही शोभा यात्रा में काली की झांकी भी देखने को मिली, बड़ी संख्या में कस्बा आसपास के लोग विशाल शोभा यात्रा को देखने के लिए उमड़ पड़े,वहीं थाना प्रभारी कमलेश सिंह कस्बा इंचार्ज राहुल चौधरी के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम कर पुलिस फोर्स शोभायात्रा में शामिल हुई। इस दौरान उदय पाल , प्रीतम प्रधान, राजपाल सिंह उर्फ झब्बों,वीरपाल, राधेलाल मास्टर, महावीर सिंह यदुवंशी, सुरेंद्र पाल, जीतपाल ,आर पी सिंह, हरिराम भगत जी, अजय सिंह एडवोकेट शंकर सिंह, मंडल अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यदुवंशी, श्याम सिंह ,रामबाबू अमीन ,फाल्गुन उर्फ कान्हा , पूरन ,ओमप्रकाश , भोजपाल, वेदपाल, धर्मेंद्र, विष्णु, प्रमोद जादौन, लव, टीकम, नंदो, भोला, फरसा वाला बाबा, नितिन जादौन शामिल हुए।

# जिलाधिकारी ने आपदाग्रस्त क्षेत्र का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने तहसील बागेश्वर क्षेत्र के ग्राम हरबाड का भ्रमण कर आपदा प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत एवं पुनर्वास कार्यों में त्वरित गति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।तहसील प्रशासन से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम हरबाड में भारी वर्षा व भूस्खलन के चलते सात परिवारों के मकान खतरे की जद में आ गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इन परिवारों को प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं पंचायत घर हरबाड में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है। सभी परिवारों को पटवारी के माध्यम से खाद्यान्न किट उपलब्ध कराई गई है ।जानकारी के अनुसार, एक आटा चक्की और एक दुकान क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रभावितों को भी खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई है। साथ ही क्षेत्र में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके शीघ्र मरम्मत के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जल संस्थान को दिए गए।

# श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर किए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/चौमुहां।** ब्लॉक के गांव दलौता स्थित श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक सुजान सिंह और प्रधानाचार्य बालकिशन सिसौदिया ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के बाद, प्रधानाचार्य बालकिशन सिसौदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद किया और छात्रों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक शामिल थे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने भारत की समृद्ध संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम को जीवंत कर दिया। इन मनमोहक प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। सीपी शर्मा, जितेंद्र राणा, मन सिंह बाबू, धीरज राणा, आदित्य सिंह, चंदन सिंह, नारायण सिंह, स्मृति तिवारी, दयावती, निधि शर्मा, ऋतु, राहुल सिंह, वर्षा, कुसुम, अंजली आदि मौजूद थी।

# जीएम नर्सिंग पैरा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मे धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** जीएम नर्सिंग पैरा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 15 अगस्त, 2025 को हर्षोल्लास के साथ 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। कॉलेज के प्राचार्य ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन में देशभक्ति का उत्साह और गर्व का माहौल छाया रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डॉ. तेजेंद्र शर्मा, डॉ ललित कुमार कन्हैया सैनी, चारुल शर्मा, विशाल सिंघल, विकास यादव, नेहा, बलराम, महेश कुमार रामकुमार, मनोज समाधिया, गुरुदेव, बेलदेव आदि उपस्थित रहे।



# सखी री मैं तो ओढ़ चुनरिया जाउंगी महलन में, नन्दलाल बधाई

**वेलकम इंडिया**

**जहाँगीराबाद।** रविवार रात्रि को नगर के लाल कुआं स्थित राधा कृष्ण शीश महल में नंदोत्सव ( नन्दलाल बधाई ) बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन आयोजित इस नन्दोत्सव में जहाँगीराबाद के रसिकों ने खूब रंग जमाया। नंदोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सुविन भारद्वाज शामिल हुए। जिनका आयोजक मंडल ने पटका व माला पहनाकर स्वागत किया। रविवार की शाम को शीशमहल मन्दिर में नन्दोत्सव का बड़े धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें मिनी वृंदावन कहे जाने वाले जहांगीराबाद के परम रसिक सुमित गोयल विक्की गोयल, शिवम सोनी, मोनू गर्ग व पीयूष गर्ग आदि ने मधुर भजन सुनाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। मन्दिर में मौजूद भक्त भजनों को सुनकर जमकर झूम उठे। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी में सुमित गोयल ने सभी को बधाई और खिलौने भी बांटे। सुमित गोयल ने ₹मोहे नंद घर ले चलो....₹, ₹सखी री मैं तो ओढ़ चुनरिया जाउंगी महलन में....₹, मचल रही आज महलों में दाई आदि भजन सुनाकर जमकर उत्सव मनाया। इस उत्सव में सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रथम कंसल, टिप्पन वर्मा, मोहित गर्ग, वरुण बंसल, यशु गोयल, अंकुर अग्रवाल, हिमांशु गर्ग, शिवम्वर्मा, सुमित बंसल, मोहित गर्ग, विनय अग्रवाल आदि का विषेश सहयोग रहा।



# उर्स-ए-रजवी: बरेली में सोमवार से तीन दिन डायवर्जन, पुराना रोडवेज बस अड्डा भी रहेगा बंद

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** उर्स-ए-रजवी पर देश-विदेश से आने वाले जायरीनों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने तीन दिन का रूट डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन सोमवार से बुधवार तक प्रस्तावित उर्स की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। भारी और हल्के वाहनों के कई रास्ते इससे प्रभावित रहेंगे। इस दौरान पुराना रोडवेज बस अड्डा भी बंद रहेगा। बसों का संचालन सेटेलाइट बस स्टैंड से किया जाएगा। एसपी यातायात मोहम्मद अकमल खान ने बताया है कि झुमका तिराहा रोड नंबर-एक परसाखेडा, विलवा अंडरपास, विलयधाम अंडरपास, लालपुर गांव कट, नवदिया झादा, इनवर्टिस तिराहा, ट्रांसपोर्ट नगर गेट, बुखारा मोड़, रामगंगा तिराहा से सभी प्रकार के भारी वाहन शहर क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की ओर से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है, वह झुमका तिराहा, परसाखेड़ा रोड नंबर-1, 2, 3, 4 से परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में आ सकेंगे। वहीं विलवा, विलयधाम, नवदिया झादा से इनवर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। दिल्ली रोड, नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड की तरफ से आने वाले भारी वाहन, जिनको लखनऊ जाना है, झुमका तिराहे से विलवा, विलयधाम, बडा बाईपास से फरीदपुर होकर जा सकेंगे। जिन भारी वाहनों को लखनऊ से दिल्ली जाना है वह भी इसी मार्ग से जा सकेंगे। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल रोड, पीलीभीत से आने वाले भारी वाहन जिनको बदायूं जाना है, वह झुमका तिराहे, विलवा, विलयधाम, फतेहगंज पूर्वी से नवादा मोड से दातागंज, देवचरा होकर जा सकेंगे। इसी तरह बदायूं से बरेली की तरफ आने वाले भारी वाहन जिनको दिल्ली, रामपुर, नैनीताल, पीलीभीत व लखनऊ की तरफ जाना है, वह देवचरा से दातागंज, फतेहगंज पूर्वी से बड़ा बाईपास होकर जा सकेंगे। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें जिनको बदायूं जाना है वह विलवा, इनवर्टिस तिराहा, फतेहगंज पूर्वी से दातागंज होकर जा सकेंगी व इसी मार्ग से वापस आएंगी। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड से आने वाली रोडवेज बसें झुमका से बड़ा बाइपास होकर इनवर्टिस तिराहे से सेटेलाइट बस स्टैंड तक आएंगी व इसी मार्ग से वापस जाएंगी। बदायूं की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें जिनको बरेली आना है वह देवचरा चौराहे से दातागंज से फतेहगंज पूर्वी से फरीदपुर, इनवर्टिस तिराहा होकर सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगी। उर्स के दौरान सभी रोडवेज बसों का संचालन सेटेलाइट रोडवेज बस स्टैंड से होगा, पुराना रोडवेज बस स्टैंड से बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। 19 अगस्त को उर्स में जायरीनों की भीड बढ़ने पर सुबह आठ बजे से उर्स समापन तक सभी तरह के चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा को इसाइयों की पुलिया, गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, चौपुला चौराहा, मिनी बाईपास, इज्जत नगर तिराहा, कुदेशिया अंडरपास, अशोक नगर तिराहा, सूद धर्म कांटा, मूर्ति नर्सिंग होम तिराहा, श्यामगंज चौराहे से पटेल चौक, नावल्टी चौराहा, कुतुबखाना, इस्लामियां, किला क्रासिंग, कोहाड़ापीर की तरफ रोका जाएगा। जबकि, सभी तरह के चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो गांधी उद्यान से अक्षर विहार तिराहे से सर्किट हाउस चौराहे से कचहरी तिराहा से जंक्शन तिराहा तक जा सकेंगे व इसी रास्ते से वापस आ सकेंगे। शाहजहांपुर रोड व पीलीभीत की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा सेटेलाइट से बीसलपुर तिराहा, सुरेश शर्मा नगर, सौफुटा पूर्वी से डेलापीर से डीडी पुरम, राजेंद्र नगर व स्टेडियम की तरफ जा सकेंगे।

# दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से सलेमपुर मार्ग निवासी दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। क्षेत्र का सलेमपुर मार्ग नशा तस्करों का गढ़ बन चुका है सलेमपुर मार्ग पर आए दिन नशेड़ियों का जमावड़ा एवं मादक पदार्थ बेचने वाले तस्करों की चांदी कट रही है। नशे के सौदागरों ने अपनी कमाई में चार चांद लगाते हुए आलीशान कोठी एवं कई स्थानों पर प्रॉपर्टी खरीद कर छोड़ दी है। नशा तस्करी के मामले में सलेमपुर मार्ग हमेशा चचाओं में रहता है। शनिवार की रात्रि प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ गंगेरू मार्ग पर गस्त कर रहे थे, पुलिस टीम ने गस्त के दौरान सलेमपुर मार्ग निवासी इंतजार पुत्र रियासत को पकड़ लिया जिसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद हुई। दूसरी और कैराना मार्ग स्विमिंग पूल के निकट से बिलाल पुत्र कामिल निवासी सलेमपुर मार्ग को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 200 ग्राम चरस बरामद करने का दावा किया।

## पुलिस कार्रवाई बनी चर्चा का विषय

**कांधला।** क्षेत्र का सलेमपुर मार्ग स्मैक तस्करी के मामले में चचाओं में रहता है पुलिस द्वारा तस्करों को गिरफ्तार किया जाता है तो उनके कब्जे से पुलिस चरस बरामद होने का दावा करती है जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों की माने तो तस्करों को आसानी से कोर्ट से जमानत मिल जाती है।

# जिंदा सांप लेकर जिला अस्पताल पहुंचा किसान, देखकर सहम गए डॉक्टर और स्टाफ



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** नवाबगंज क्षेत्र के हरदुआ गांव से रविवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया। इस घटना में एक किसान है जो अपने पशुओं के लिए घास काटने खेत में जाता है, तभी झांडियों में छुपे सांप ने उसे डस लिया लेकिन सांप के डसने के बावजूद किसान घबराया नहीं, बल्कि उसने पहले सांप को दबोचा और फिर उसे घर ले जाकर एक डिब्बे में कैद कर दिया। जिसके बाद उसी डिब्बे को साथ लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंच गया। इस दौरान अस्पताल का स्टाफ और मरीजों के परिजन ये नजारा देखकर दंग रह गए। दरअसल ये घटना रविवार सुबह करीब 8 बजे की है, जब हरदुआ निवासी किसान लालता प्रसाद (55) अपने पशुओं के लिए चारा काटने खेत की तरफ गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक सांप ने उन्हें डस लिया, लेकिन किसान सांप के डसने से जरा सा भी घबराये नही और उन्होंने सांप को वहीं दबोच लिया और घर ले आए। घर पहुंचकर उसे एक डिब्बे में कैद कर अपना इलाज कराने के लिए बेटे के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही जब किसान ने इलाज की गुहार लगाई और साथ में सांप वाला डिब्बा दिखाया तो डॉक्टर और स्टाफ पलभर के लिए सकत्ते में पड़ गए। तत्काल डॉक्टरों ने मरीज को भर्ती किया और एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन लगाया। चिकित्सकों के अनुसार किसान की हालत फिलहाल स्थिर है और धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इस घटना को लेकर डॉक्टरों का कहना है कि आमतौर पर लोग सांप के डसने के बाद घबराकर भागते हैं या सांप को मार देते हैं, लेकिन सांप को जिंदा पकड़कर अस्पताल लाने का मामला बेहद दुर्लभ है। यह नजारा देखकर अस्पताल में मौजूद अन्य मरीज और उनके परिजन भी दंग रह गए।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के मेहौरा गांव निवासी नरेंद्र गौतम (20) पुत्र दिनेश गौतम की शनिवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरेंद्र किसी काम से सुमेरगंज बाजार गए थे। लौटते समय बड़ेला के निकट उनकी बाइक अचानक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन–फानन में एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक अहमदाबाद में काम करते थे और रक्षा बंधन पर घर आए थे। परिवार में उनके माता–पिता के अलावा एक भाई और एक बहन हैं। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## यूरिया वितरण का एसडीएम ने किया निरीक्षण, टोकन से वितरण के दिए निर्देश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** धान की फसल में यूरिया की बढ़ी मांग के बीच साधन सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन सक्रिय दिखा। रविवार को क्षेत्र की सभी आठों समितियों पर यूरिया उपलब्ध होने के चलते वितरण जारी रहा। सादुल्लापुर और छंदवल समितियों पर भारी भीड़ की सूचना मिलने पर एसडीएम अनुराग सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। श्री सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का वितरण केवल खतौनी के आधार पर और टोकन व्यवस्था से किया जाए, ताकि कोई किसान आवश्यकता से अधिक खाद न ले सके और कालाबाजारी की गुंजाइश न रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि हर जरूरतमंद को समय पर यूरिया मिलेगी। एसडीएम ने अन्य समितियों पर तहसीलदार महिमा मिश्रा, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और सुधाकर पांडे को तैनात कर वितरण व्यवस्था की निगरानी कराई। प्रशासन की तत्परता से समितियों पर अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी और किसान आसानी से खाद प्राप्त कर सके।

## विवाहिता महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिद्धौर बाराबंकी।** असन्द्रा थाना क्षेत्र में एक लगभग 38 वर्षीय विवाहिता महिला अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना असन्द्रा क्षेत्र के ग्राम पुरे दुनिया सिह मजरे हकामी निवासी स्वर्गीय पति राम रावत की पत्नी सुनीता घर के अन्दर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के चार बच्चों में दो बेटे अरुण, देव, दो बेटी रेखा रेनू हैं, चारों बच्चों का रो–रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना थाना असन्द्रा पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक मंणि त्रिपाठी का कहना है जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# जिला अस्पताल से दरोगा की मां का हत्यारोपी सिपाहियों को चकमा देकर हुआ फरार


वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बदायूं।** पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र रविवार सुबह करीब पांच बजे पुलिस को चकमा देकर जिला अस्पताल से फरार हो गया। उसे दो सिपाहियों की निगरानी में अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती कराया था। इस घटना के बाद एसएसपी डॉ. ब्रजेश सिंह ने लापरवाह सिपाही धर्मेंद्र व कुशहर को निलंबित कर दिया है। वहीं एसएसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने लापरवाही बरतने पर दोनों सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी दोनों सिपाहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे है। वहीं, एसएसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर सीसी कैमरे की जांच की है। डॉक्टर व मरीज व तीमारदारों से हिस्ट्रीशीटर व सिपाहियों की गतिविधि की जानकारी जुटाई गई। एसएसपी ने धीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगाई है। आपको बता दें कि इस्लामनगर पुलिस ने 15 अगस्त की देर रात क्षेत्र के गांव अलीपुर के जंगल से हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र उर्फ वस्तावैया को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची थी तब उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में धीरेंद्र के बाएं पैर में गोली लगी थी। इससे वह घायल हो गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ जानलेवा हमले का एक और मुकदमा का दर्जकर जिला अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती कराया था। इस्लामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप का दावा था कि उसे शनिवार को ही जेल भेज दिया जाएगा। लेकिन पुलिस की कागजी कार्रवाई अधूरी रहने के कारण उसे जेल नहीं भेजा जा सका। इसी का नतीजा रहा की हिस्ट्रीशीटर दोनों सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया। दरअसल इस्लामनगर थाना क्षेत्र में मौसमपुर गांव निवासी मनवीर सिंह यादव हापुड़ जिले में बहादुरगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी है। 11 अगस्त की रात उनकी मां राजरानी उर्फ ज्ञानदेवी (65 वर्ष) की 11 बदमाश ने चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी थी। जिसके बाद बदमाश उनके शरीर से सोने के जेवरात लूट ले गए थे। दरोगा ने गांव के ही हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद इस्लामनगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान धीरेंद्र को गिरफ्तार किया था। फिलहाल धीरेंद्र अब फरार है और पुलिस टीम उसकी खोजबीन में लगी हुई है।

# ठाकुर श्री चतुर्भुज महाराज मंदिर में मनाया गया जन्माष्टमी महा महोत्सव

वेलकम इंडिया



**मथुरा/छाता।** पूरे ब्रज मण्डल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है उसी क्रम में नगर के प्राचीन देवालय में श्री चतुर्भुज भगवान जी के मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए गौरव अविरल शास्त्री ने बताया रात्रि 12 बजे भाद्रपद मास अष्टमी तिथि रोहणी नक्षत्र में ठाकुर जी को दूध, दही, शहद, बुरा, गंगाजल, विभिन्न जड़ी बूटियों से महा अभिषेक किया गया, ठाकुर जी को विभिन्न प्रकार के सुगंधित सेवा प्रदान की गईं। सेवायत लक्ष्मण पुजारी ने बताया रात्रि 11 बजे से श्री चतुर्भुज भगवान को पवित्र नदियों के जल से स्नान कराया गया, स पूरे मंदिर प्रांगण को विद्युत झालरों से सजाया गया, गर्भ गृह को गुलाब मोगरा पुष्पों से सजाया गया। नृत्यगान भी किया गया साल में एक बार होने वाले। दर्शन के लिए काफी दूर दूर से भी भक्त गण दर्शन को आते है। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की बोलते हुए ठाकुर जी को रिझाते है। इस अवसर पर सेवायत कल्लू पुजारी, पवन कुमार, राहुल कौशिक, सोनू पुजारी, अशोक पुजारी, सुरेश चोटी वाला, सोमा पुजारी, भगवत पुजारी, सौरभ शर्मा, नवनीत कोशिश आदि मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में प्रयागराज में रक्षा एनजीओ की एनिमल राइट्स रैली

वेलकम इंडिया




**प्रयागराज।** रक्षा एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी हालिया बयान और निर्देश का कड़ा विरोध जताया है। संगठन का कहना है कि यह आदेश पशुओं के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और निर्दोष जानवरों के साथ अन्याय व क्रूरता को बढ़ावा देता है। इसी विरोध को स्वर देते हुए आज प्रयागराज के सुभाष चौराहा पर एक शांतिपूर्ण एनिमल राइट्स प्रोटेस्ट रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों और पशु प्रेमियों ने हिस्सा लिया। रक्षा एनजीओ ने स्पष्ट कहा कि वे ऐसे किसी भी आदेश को स्वीकार नहीं करेंगे, जिसमें आवारा पशुओं को हटाने या मारने की बात की जाए। संगठन ने करुणा, पशु संरक्षण कानूनों के सही पालन और बेजुबान पशुओं को संवैधानिक अधिकार दिलाने की माँग की। एनजीओ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक यह ₹अमानवीय आदेश₹ वापस नहीं लिया जाता, तब तक वे इन बेजुबान जानवरों के अधिकारों के लिए मजबूती से खड़े रहेंगे। रक्षा एनजीओ और सैकड़ों समर्थकों ने इस निर्णय के विरुद्ध कानूनी और सामाजिक लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों और मीडिया संस्थानों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण मुद्दे को आवाज दें और इस मुहिम को समर्थन प्रदान करें।

# आधा दर्जन से अधिक मकानों में आई दरार, मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ गई दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर क्षतिग्रस्त लाइन को ढूंढ कर मरम्मत का कार्य शुरू किया। मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी और पालिका अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की है। रविवार को मोहल्ला शेखजादगान निवासी अरशद, प्रदीप, अब्दुल्ला, वारिस, शाहनवाज, आरिफ, मिंटू, इनाम, विकास, कासिम, इकराम, सहित आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी कैराना एवं पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के नाम एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि तीन दिन पूर्व उनके मकान में हल्की-हल्की दरार आ गई थी। रविवार को अचानक से दरारे काफी फैल गई और मकानों के गिरने का डर सताने लगा। आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सभी लोगों ने शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की।

# एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरी

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल व भभीसा के आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरों ने धावा बोलते हुए ताले एवं दीवार तोड़कर नलकूपों से हजारों के उपकरण चोरी कर लिए पीड़ित किसानों ने पुलिस के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल एवं भभीसा के किसानों ने अपने खेतों पर खड़ी फसलों में पानी देने के लिए नलकूपों के निर्माण कर रखे हैं। किसान पवन, जितेंद्र, कवरपाल, परमिंद्र, अंकुश, चंदन, सहित आदि किसानों का कहना है कि शनिवार की रात्रि में चोरों ने उनके खेतों पर बने नलकूपों के कमरों की दीवार व ताले तोड़कर स्टार्टर, केबिल, सहित बिजली का अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसान रविवार की सवेरे जैसे ही अपने खेतों पर कार्य करने के लिए पहुंचे तो उन्होंने चोरी की घटना की जानकारी हुई। एक रात में आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों पर बने नलकूपों पर चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मोके पर पुलिस भी पहुंच गई और पीड़ित किसानों से घटना की जानकारी ली, घटना की जानकारी करने के बाद पुलिस ने जंगलों में चोरों की तलाश की मगर कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित किसानों का कहना है कि हर वर्ष किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना होती है मगर पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं करती। पीड़ित किसानों ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना की जानकारी हुई है तहरीर आने पर अभियोग दर्ज किया जाएगा जल्दी चोरों को पकड़कर खुलासा कर दिया जाएगा।

# ऑपरेशन सवेरा से होगी नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई




वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** क्षेत्र के गांव अंबेहटा में थाना प्रभारी ने नशा कारोबार को लेकर ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। युवा पीढी नशे की लत में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद करने में लगे हुए है। नशा कारोबारी अपनी जेब भरने के लालच में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। थाना क्षेत्र में भी कुछ नशा कारोबारी पूरी तरह से सक्रिय है। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने क्षेत्र के गांव अंबेहटा में ग्रामीणों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोग अपने लालच में पड़कर युवा पीढी को बर्बाद करने में लगे हुए है। थाना प्रभारी ने नशा कारोबारियों के बारे में सूचना देने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन सवेरा शुरू किया गया है। किसी भी नशा कारोबारी को बक्शा नहीं जायेगा। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ऑपरेशन सवेरा में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का आश्वाशन दिया है। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप ने किया कई स्थानों पर ध्वजारोहण

वेलकम इंडिया



**झांसी!** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ झांसी में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने कई स्थानों पर ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को अपनी सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी से जाति पाति से ऊपर उठकर वतन को सबसे प्राथमिकता पर रखने की अपील की। श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज सीपरी बाजार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप सरावगी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का यह दिन हमें सैकड़ो हजारों लोगों की आजादी की लड़ाई में दी गई कुबार्नी के बाद मिला है, इसलिए इस दिन को उसकी महत्ता के अनुसार बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जो खुद के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए जीता है, वह अमर हो जाता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वह अपने जीवन में सबसे पहले राष्ट्र को सबसे ऊपर रखकर राष्ट्रहित के लिए ही कदम उठाएंगे। डॉक्टर संदीप ने यह भी कहा कि आजादी की लड़ाई में बेटियों का भी काम योगदान नहीं है, इसलिए हमें बेटियों को कमतर नहीं आंकना चाहिए। संघर्ष सेवा समिति हमेशा से बेटियों का सम्मान करती आई है। समाज से जाति-पाति का भेदभाव मिटाने के लिए ही हमने समाज के सबसे अंतिम पायदान पर बैठे वर्ग की बेटियों के पैर धोकर उन्हें विदा किया है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि आज के दिन हम इस बात का वचन देते हैं कि यदि किसी भी बेटी को पढ़ाई में, खेलकूद में, विवाह में कोई भी समस्या आती है, तो वह निसंकोच हमारे पास आ सकती है। उन्होंने मौजूद छात्राओं से भी अपने आसपास यह संदेश फैलाने की अपील की कि यदि उनके संपर्क में कोई ऐसी बेटी आती है, तो वह उसे उनके कार्यालय एसएम टावर झोकन बाग में भेज सकती हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दिलीप सिंह पूर्व जज एवं नरेंद्र कुमार प्रबंधक रहे। इस अवसर पर डॉ. पूनम प्रधानाचार्य, कुसुम देवी, अर्चना सोनी, अजय सिंह, अर्पणी आवास, उमा ,सुनीता, मनोरमा ,सुनीता वर्मा, चंदन सिंह, महेश कुमार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में बजाजा बाजार सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हरगोविंद कुशवाहा राज्य मंत्री, रवि शर्मा सदर विधायक, डॉ. संदीप सरावगी, महापौर बिहारी लाल आर्य आदि ने ध्वजारोहण किया। सभी अतिथियों ने मौजूद व्यापारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्ण कांत गुप्ता, रवीश त्रिपाठी, बंटी दुबे, चंदू जैन, गौरव सहगल, सत्य प्रकाश गुप्ता, महेश, अतुल दुबे, संजय रेजा, मनोज चौधरी, सुभाष चौरसिया, धर्मेंद्र खटीक, भानु विश्वकर्मा, मुकेश राय, मुकेश शर्मा, गोलू, शकील खान, विमल, नीरज रेजा, अग्रवाल संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, मनोज ताम्रकार, आशीष विश्वकर्मा, सूरज प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रमों के क्रम में डॉ. संदीप सरावगी ने बबीना में आकांक्षाएं चैरिटेबिल ट्रस्ट का भव्य शुभारंभ किया। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने आकांक्षाएं चैरिटेबिल ट्रस्ट का भव्य शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जलित किया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय पी.ए.सी. नैनी में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पी.ए.सी. नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परागत और आकर्षक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इन्चार्ज सहायक अध्यापक श्री मुहम्मद रिजवान द्वारा प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार ने अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक श्री मुहम्मद रिजवान ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक श्री मनमोहन लाल रजक ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा (बेसिक) उत्तर प्रदेश लखनऊ का संदेश पढ़ा। तत्पश्चात श्री नासिर हुसैन ने माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा निदेशक (बेसिक) का संदेश वाचन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, पेंटिंग व वाद-विवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाध्यापक (प्रभारी) श्री मुहम्मद रिजवान ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व और सम्मान का दिन है।

यह दिन हमें स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों के बलिदान की याद दिलाता है। आज भारत विश्व पटल पर एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि देश को शिक्षित, स्वच्छ, सुरक्षित और संगठित बनाएंगे।

इस मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक श्री रविन्द्र कुमार केसरवानी, श्री मनमोहन लाल रजक, श्री नासिर हुसैन, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती सुषमा कनौजिया, शिक्षा मित्र श्रीमती सोनामती व श्रीमती मोनिका तिवारी सहित कई अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ व अभिभावक उपस्थित रहे।

# कुत्ते ने छात्र पर किया हमला गंभीर रूप घायल छात्र के परिजनों ने मालिक के खिलाफ दी तहरीर



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर बुगरासी चौकी क्षेत्र के गांव बरहना में कुत्ते का आतंक नाबालिग अभय गिरी पुत्र नीरज गिरी ट्यूशन पढ़कर अपने घर लौट रहा था कि रोड व्हीलर कुत्ता ने हमला बोल दिया बुरी तरह से छात्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया स्थानीय लोगों ने कुत्ते को भगाकर छात्र की जान बचाई छात्र के शरीर पर कई जगह हमला बोला है रोड व्हीलर कुत्ता ने जिससे छात्र अभय गिरी गंभीर रूप से घायल है छात्र के परिजनों ने बुगरासी चौकी पर कुत्ते के स्वामी के खिलाफ लिखित में शिकायती पत्र दे दिया है। उधर सीओ स्याना प्रखर पांडे ने जांच कर एफआईआर दर्ज करने के लिए नरसैना थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं।

# नेहा धवन बनी हिंदी सलाहकार समिति की राष्ट्रीय सदस्य

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : राजभाषा विभाग की ओर से कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के लिए एडवोकेट नेहा धवन को गैर सरकारी राष्ट्रीय सदस्य में रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री (एन) श्री श्री नित्यानंद राय जी के अनुमोदन पर हरियाणा के हांसी निवासी नेहा धवन को नामित किया गया है। राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव मीनाक्षी जौली की ओर से सूचना जारी की गई है। नेहा धवन पेशे से वकील हैं और वर्तमान में हरियाणा में भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। गृह मंत्रालय के राज भाषा विभाग द्वारा जारी इस नियुक्ति पत्र में इस राष्ट्रीय कमेटी के केवल 3 राष्ट्रीय सदस्यों की नियुक्ति हुई है। जिसमें पहला नाम



हरियाणा राज्य से नेहा धवन, रायपुर छत्तीसगढ़ से डॉक्टर मानिक विश्वकर्मा और तीसरा नाम चेन्नई से श्री श्री कांथा कन्नन की नियुक्ति की गई है। नेहा धवन से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि ये उनके व परिवार जन व हरियाणा के लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तर भारत में से हरियाणा को स्थान मिला। उन्होंने इसके लिए केंदीय नेतृत्व व हरियाणा के भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। विशेषकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री माननीय श्री नित्यानंद राय जी, कैबिनेट मंत्री श्री मनोहरलाल जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जे पी नड्डा जी, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी स्वतंत्र प्रभार, हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री आदरणीय नायब सिंह सैनी जी, हरियाणा प्रदेश प्रभारी माननीय डॉ सतीश पूनिया जी, प्रदेश अध्यक्ष माननीय मोहनलाल बडोली जी, प्रदेश संगठन मंत्री सम्माननीय श्री फनिंद्रनाथ जी का दिल से आभार व्यक्त किया हैं। नेहा धवन ने बताया स्किल डेवलेपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय के साथ मिलकर टेक्निकल एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट में हिंदी भाषा का समावेश, प्रचार प्रसार, शिक्षा में हिंदी के महत्व पर कार्य करते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से इस दायित्व का निर्वाह करूंगी। आपको बता दें नेहा धवन हरियाणा की जानीमानी शिक्षाविद के साथ साथ उनकी 25 से ज्यादा लेखन, संपादित और अनुवादित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

# डीएम एसएसपी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बुलन्दशहर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी व उनके परिवारीजनों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर कृष्णलीला का मंचन किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनमानस उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 तेजवीर सिंह व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# बुंदेलखखण्ड मानव सेवा संस्थान ने भारत विकास परिषद प्रमुख व रोटरी क्लब झांसी संग किया ध्वजारोहण

वेलकम इंडिया



**झांसी!** (वृक्ष रोपकर पर्यावरण संरक्षण हेतु दिलायी शपथ) ७९वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ मेजर एम सी अग्रवाल , अशोक बिलगैयां व तरुण घोष की संयुक्त अध्यक्षता , सेवा निवृत आई ए एस माननीय पी के अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य , पूर्व शासकीय अधिवक्ता मान. कुंज बिहारी गुप्ता , अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय जन सम्पर्क अधिकारी मान. अशोक अग्रवाल काका एवं पर्यावरण हेतु कार्यरत मान. जितेन्द्र तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में ग्वालियर रोड स्थित फार्म पर ७९ वें स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया गया। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृशक्ति द्वारा वन्देमातरम् से किया गया तत्पश्चात मैत्रीय संगीत संस्था द्वारा देश भक्ति गीत की श्रृंखला प्रस्तुत करते हुए आजादी के रंगारंग कार्यक्रम का आगाज हुआ। रवि कांत दुबे , पवन श्रीवास्तव , उमेश दुआ , राकेश मेहरोत्रा , अमित पाठक , प्रभात सविता , अजय सिसौदिया आदी ने जबरदस्त देश भक्ति गीत गाये और वातावरण को स्वतन्त्रता दिवस के खुशनुमा माहौल में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर मातृशक्ति ने नृत्य करते हुए आजादी के जश्न को पूर्ण रूप से सराबोर होकर मनाया। जिला जनकल्याण महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा पर्यावण संरक्षण हेतु सभी को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में नरेश अग्रवाल टकसारी , पूर्व पालिका अध्यक्ष विष्णु कांत अग्रवाल , डॉ ए के सांवल , डॉ डी एस गुप्ता , प्रकाश दीक्षित, सचिव अनिल मिश्रा , मंत्री आर पी मोदी , गोपाल कृष्ण बंसल , श्याम सुन्दर अग्रवाल , डॉ अभय गुप्ता , सुभाष पुरवार , रवि पाण्डेय , जे बी परमार्थी , अशोक पी एन बी , अरुणा बिलगईयां, रितु पुरवार , सरिता अग्रवाल , आराधना मोदी , रजनी टकसारी आदि ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका सुनीता अग्रवाल ने व सभी के प्रति आभार बुंदेखंड मानव सेवा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त किया गया।

# साइकिल सवार किशोर की मौत , गम में डूबा परिवार

वेलकम इंडिया



**किठौर।** रविवार सुबह कस्बे में दर्दनाक हादसा हो गया। फव्वारा चौक के पास 13 वर्षीय अब्दुल्लाह पुत्र मुजीब अहमद निवासी नई बस्ती की साइकिल कैंटर की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि अब्दुल्लाह सुबह करीब 10 बजे साइकिल से अपने पिता की किराना दुकान जा रहा था। इसी दौरान फवारा चौक के निकट सामने से निकल रही कार की खिड़की अचानक खुल गई, जिससे साइकिल उसकी टक्कर से असंतुलित हो गई और अब्दुल्लाह बगल से गुजर रहे कैंटर के नीचे आ गिरा। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर फैलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। गुस्साए लोगों ने मेरठझगढ़ मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश की, लेकिन थाना प्रभारी बृजेश कुमार पांडे और पुलिस बल ने समझा-बुझाकर हालात संभाल लिए। पुलिस ने कैंटर चालक आलोक शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा निवासी सोना, थाना परीक्षितगढ़ को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने किसी भी तरह की शिकायत या कार्रवाई से इनकार कर दिया है। अब्दुल्लाह की मौत से मोहल्ले में गहरा मातम छा गया और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है

# चोरी के तार के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर चोरी के एल्मुनियम के तार के साथ एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दी।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी पुलिस टीम के साथ रखौना रिंग रोड के पास मौजूद थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि हरपुर के पास एक युवक चोरी का एल्मुनियम का बिजली तार कही ले जाने के फिराक में पड़ा है जिसपर पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर चौकी प्रभारी ने मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी बब्बल को गिरफ्तार कर लिया।युवक के पास तीन बोरी में कटे एल्मुनियम का 73 किलो 500 ग्राम तार, जले तार एल्मुनियम का 42 किलो 800 ग्राम व 5 रोल किये हुए बंडल तार एल्मुनियम का 75 किलो बरामद कर थाने ले आई।टोटल 1 कुंटल 91 किलो 300 ग्राम तार बरामद हुआ।पकड़े गए युवक ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि उक्त तार मेरे साथी हरपुर निवासी कल्लू द्वारा बीते 9 अगस्त को बड़ागांव थाना क्षेत्र के तुलसीपट्टी से बिजली के खंभे से काटकर चुराया गया था।कल्लू द्वारा मुझे कम दामों में बेचा गया था में इस तार के ऊपर से प्लास्टिक निकाल कर अंदर के एल्मुनियम को ऊंचे दरों पर मार्केट में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता हूं।

# तीन बाइकों की टक्कर में छह गम्भीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर सब्जी मंडी के पास हाइवे के कट के पास रविवार की दोपहर में हाइवे से सर्विस रोड पर कट से बाइक नीचे करने पर कछवांरोड चौराहे से आ रही बाइक व मिजार्मुराद के तरफ आ रही तीनों में जोरदार टक्कर हो गया।जिसमें एक बाइक पर सवार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर गांव निवासी आर्यन कुमार उम्र (18) वर्ष छोटी बहन परी उम्र (11) वर्ष पुत्री अवधेश कुमार व दूसरे बाइक पर सवार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के बजरडीहा निवासी नीतीश कुमार व राम सिंह घायल हो गए व एक अन्य बाइक सवार दो अज्ञात युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कछवांरोड चौकी के एसआई रामचन्द्र यादव ने बाइक सवार नीतीश कुमार व राम सिंह को रोहनिया भदवर स्थित एक निजी अस्पताल में भेजकर भर्ती करवाया वही रूपापुर निवासी आर्यन व परी को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजकर भर्ती करवाया वही दो अज्ञात युवक को इलाज हेतु एम्बुलेंस से जक्खिनी स्थित सीएचसी भेजकर भर्ती करवाया।वही क्षतिग्रस्त तीनों बाइकों को पुलिस चौकी ले आई।घटना की सूचना घायलों को परिजनों को दे दिया गया है अन्य दो घायलों के बारे में पुलिस पता कर रही है।

# म.प्र. के पेंशनर्स को भी सरकार 2 प्रतिशत मंहगाई राहत,परिवार पेंशन राहत बढ़ाकर दे- राकेश पाठक

वेलकम इंडिया

**इंदौर।** राज्य सरकार द्वारा राज्य में कार्यरत कार्मिकों को 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जा रहा है वहीं पेंशनर्स को सिर्फ 53 प्रतिशत महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत दी जा रही है। अर्थात 2 प्रतिशत कम।

मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने पेंशनरों को भी 55 प्रतिशत मंहगाई राहत दी जा रही है मध्यप्रदेश के पेंशनरों को वहीं अभी केवल 53 प्रतिशत महंगाई राहत ही प्राप्त हो रही है। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों की तुलना में मध्यप्रदेश के पेंशनरों को 2 प्रतिशत कम महंगाई राहत प्राप्त हो रही है। मध्यप्रदेश की सरकार अपने पेंशनरों से लम्बे समय से भेद-भाव पूर्ण व्यवहार कर रही है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत नए राज्यों के रूप में मध्यप्रदेश से 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश से 9 नवंबर 2000 को उत्तरांचल और बिहार से 5 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य अस्तित्व में आया। इन किसी भी राज्य में एक दूसरे राज्य की सहमति के बिना ही महंगाई राहत, पेंशन राहत का भुगतान हो रहा है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की छठवीं अनुसूची की धारा 49 (6) में पेंशनर्स के संबंध में जिम्मेदारी के विभाजन की बात का उल्लेख है। किंतु इसकी गलत व्याख्या कर विगत 25 वर्षों से मध्यप्रदेश के पेंशनरों के साथ भेद-भाव किया जा रहा है। पेंशन देनदारियों के लिए नियत अनुपात मध्यप्रदेश के लिए 76 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ के लिए 24 प्रतिशत है। इसका-समायोजन वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में होना निर्धारित किया गया है। पुनर्गठित राज्यों में उत्तर प्रदेश से उत्तरांचल एवं बिहार से झारखंड में महंगाई राहत के भुगतान में दोनों राज्य सरकारों की परस्पर सहमति लिए बिना लगातार भुगतान समय-समय पर हो रहा है। किन्तु एक मात्र मध्यप्रदेश राज्य ही है, जो छत्तीसगढ़ से पेशनरों की महंगाई राहत के लिए सहमति मांगता है और जिस दिनांक से छत्तीसगढ़ राज्य सहमति देता है, उसी दिनांक से मध्यप्रदेश के पेंशनरों को महंगाई राहत मिलती आ रही है। इसमें भी अनेक बार भेदभाव हो चुका है। ऐसा उक्त किसी भी राज्यों में नहीं हो रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी एवं दिसंबर में साल में दो बार महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों और केंद्रीय वेतनमान पाने वाले राज्यों के अधिकारियों और पेंशनरों की क्षतिपूर्ति स्वरूप वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता/महंगाई राहत की घोषणा करता है।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को अर्पित की श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** रविवार को अनुपम फार्म हाउस, शिकारपुर में किसान समाज द्वारा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं प्रखर किसान नेता सत्यपाल मलिक की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व समाजों के लोगों ने उनके चित्र पर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि सत्यपाल मलिक सदैव किसानों, युवाओं और आमजन की आवाज बनकर खड़े रहे। राज्यपाल रहते हुए भी उन्होंने किसानों के पक्ष में अपनी बात खुलकर रखी। सभा में यह भी गहरी नाराजगी व्यक्त की गई कि सरकार ने उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया।

# मोदी कॉलेज के छात्रों ने शिक्षकों संग किया गदाना स्थित गौशाला का भ्रमण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर निर्गत निदेर्शानुसार डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के छात्रों ने हापुड़ रोड स्थित गौशाला का भ्रमण किया और गोपालन के महत्व का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। छात्र कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रयास शर्मा, शरद कुमार बाजपेयी, प्रवीण कुमार जैनर, रामरतन वर्मा और राहुल त्यागी के निर्देशन में गौशाला में पहुंचे जहां गोवंश को चारा, चोकर आदि खिलाकर उनकी सेवा की।शिक्षकों ने छात्रों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के उद्धरणों द्वारा गौपालन की आवश्यकता समझायी तथा छात्रों को गोपालन के प्रति संवेदनशील रहने एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार एवं गोपालन के महत्व से अवगत कराया।गौ उत्पाद अनादि काल से मानव जीवन को पुष्ट और निरोगी रखते आए हैं। पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित तथा भारतीय वेद वेदांत से अपरिचित वर्तमान संतति अनेक बल बुद्धि प्रदाता भारतीय खान-पान से विरत होकर लगातार अस्वस्थ जीवन जिएं जा रही है। यदि ग्रामीण परिवार एक भारतीय गाय को अपने परिवार का सदस्य बना सके तो स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना कदापि असंभव नहीं है। गो उत्पादों का उपयोग विभिन्न प्रकार की असाध्य बीमारियों में काम आने वाली अनेक औषधियां तैयार करने में किया जाता है। इस अवसर पर सभी से गोवंश पालने एवं उनकी रक्षा करने में मदद करने का आह्वान किया गया।यद्यपि पाश्चात्य देशों में भी अब भारतीय गाय के चमत्कारिक प्रभावों से परिचित होते जाने के कारण चिकित्सकों ने नागरिकों को नित्य कुछ समय गायों के साथ व्यतीत करना स्वास्थ्य के लिए बहुत अनुकूल बताया है जिसका धीरे धीरे नागरिकों द्वारा अनुपालन भी किया जाना प्रारंभ हुआ है। अंत में सभी को गोवंश के प्रति संवेदनशील रहने,गोपालन करने और सभी को इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

# खेती किसानी को बचाने के लिए आर पार की लड़ाई के लिए तैयार रहें किसान: चढूनी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी भाजपा सरकार पर जमकर बरसे और तीखे प्रहार किए। चढूनी ने कहा सरकार पूंजिपतियों को फायदा पहुंचा रही है, किसानों से वादे पूरे नहीं किए। किसानों और युवाओं के लिए कुछ नहीं किया है।चढूनी ने कहा सरकार का दावा कि ह्वकिसानों का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैह्व सच्चाई से दूर है। किसानों की आय दोगुनी करने की बजाय, लागत और संकट दोगुना हो गया है। लाभकारी मूल्य न मिलने और लगातार बढ़ती इनपुट लागत ने कृषि को गंभीर संकट में डाल दिया है।किसान भारी कर्ज में डूबे हैं, हर घंटा एक किसान आत्महत्या कर रहा है। इसके बावजूद सरकार ने अब तक कोई कर्ज राहत योजना लागू नहीं की है। पूंजीपतियों के पिछले 11 वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कॉरपोरेट ऋण माफ कर दिया है।भारत के चंद अमीरों के पास देश की 50% से अधिक संपत्ति है, यह असमानता का एक गंभीर मुद्दा है।किसानों को खेती किसानी के लिए आर पार की लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा, वह उत्तर प्रदेश में किसानों के हर आंदोलन में उनके साथ हैं।चढूनी बलदेव में प्रेम सिंह बाबूजी कोल्ड स्टोर में आयोजित किसान महापंचायत में बोल रहे थे।दिल्ली में चले किसान आंदोलन के दौरान भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने कहा आलू किसानों को उसकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है।किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है, कोरे आश्वासन दिए जा रहे हैं। दाखिल खारिज, खसरा, कुड़ा बटवारे के नाम पर किसानों का उत्पीड़न हो रहा है।तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों के राजस्व रिकार्ड में नाम, हिस्सा आदि गलत दर्ज कर दिए हैं जिससे किसान परेशान हैं। नहर बंबा सिल्ट से अटे पड़े हैं।

# राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर झंडारोहण किया गया




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** 79 स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय गाजियाबाद पर झंडारोहण व राष्ट्रगान और कार्यालय पर मीटिंग का कार्यक्रम किया गया। जिसमें देश के होने वाले शहीदों को नमन करते हुए जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, चौधरी तेजपाल सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, अजय प्रमुख, रविंद्र चौहान, ओडी त्यागी, दीपक चौधरी, सत्येंद्र तोमर, विनोद चौधरी, अभिजीत बालियांन, किशन सिंह राघव, जगराज बालियांन, अरुण दहिया, अरुण शर्मा, सतीश राठी, लोकेश चौधरी, भूपेंद्र डबास, राम भरोसे लाल मौर्य, ललित सेन, मनोज त्यागी, तुषार बंसल ,रामकुमार पवार ,कुर्बान अली, सुरेंद्र तेवतिया ,जयवीर नेहरा, आलोक चौधरी, आदि सभी व्यक्तियों ने शहीदों को नमन करते हुए अपने विचार रखें।

# कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर भव्य झांकियों में जीवंत हुई श्रीकृष्ण लीलाएं

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर (निकट दुल्हन बैंक्वेट हाल) में टी.आर.एम. पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में भव्य झांकियों का आयोजन संपन्न हुआ।विविध झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी , गौरव माहेश्वरी , श्रीमती राधिका माहेश्वरी व प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी के मार्गदर्शन में शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा सेवक-सेविकाओं ने मिलकर अत्यंत आकर्षक झांकियों का सृजन किया। प्रमुख झांकियां में लक्ष्मी-गणेश का दीपोत्सव,शरद पूर्णिमा उत्सव, होली-वसंत फाग उत्सव राधा-कृष्ण लीला,बाल गोपाल का झूला थी।इन झांकियों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का अत्यंत सजीव एवं मनोहारी चित्रण हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने हर्ष और श्रद्धा के साथ निहारा। कार्यक्रम की सफलता में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद कुमार माहेश्वरी, नरेंद्र कुमार माहेश्वरी, कुमोद माहेश्वरी, अंकुर माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा। झांकियों के निर्माण एवं सजावट में श्रीमती राधिका माहेश्वरी, श्रीमती कृष्णा राय चौधरी, श्रीमती शालिनी चौधरी एवं अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा। भक्तगणों ने राधा-कृष्ण की भव्य झांकियों एवं बाल लीलाओं के दर्शन कर गहन आध्यात्मिक संतोष एवं अलौकिक धर्मलाभ की अनुभूति प्राप्त की।

# मदरसा रहमानिया देवरिया नासिर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के मदरसा रहमानिया देवरिया नासिर में स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

सेमरियावा ब्लाक के मदरसा रहमानिया देवरिया नासिर में स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जोहरा अंजुम, जवेरिया अंजुम, मोहम्मद नजीब, नायला खातून ने अपने कलाम से सब का दिल जीत लिया। बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर मदरसा के नाजिम मौलाना मोबीन अहमद ने कहा कि बच्चों को जंगे आजादी के इतिहास के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। हमारा प्यारा मुल्क अंग्रेजो की गुलामी से आजाद हुआ। इस अवसर पर मौलाना अब्दुर्रहमान, मौलाना सैय्यद, हाफिज इनामुल हक, मास्टर अब्दुल हकीम, मौलाना मोजाहिद, अतीक अहमद, फुजैल अहमद अब्दुर्रहमान, मौलाना अबदालुल हक, मोहम्मद इब्राहीम, अबरार अहमद, अबु होरैरा आदि मौजूद रहे।

# रालोद ने सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिरवा व दुरवेशपुर में सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सेकड़ो लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह व एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों एवं गरीबों की सच्ची हितेषी है। हर वर्ग का आदमी रालोद से जुड़ा हुआ है।रालोद आगे भी सब सभी वर्ग के लोगों के हित के लिए अपना कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया की सदस्यता अभियान के दौरान काफी संख्या में लोग राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ रहे हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया, एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी, विनय मललापुर, अरविंद तोमर मोनू ढिडाला,सचिन चौधरी, रजा खिरवा, नसीम प्रधान दुरवेशरजा जैदी, प्रधान जी हसन मेंहदी, मनव्वर प्रधान , दीपक कसाना , अरविंद जाटव , अमरपाल प्रधान, अब्बास जैदी, अफसर जैदी, शान जैदी,आदि मौजूद रहे।

# भूपेंद्र चौधरी को भाकियू सर छोटूराम का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामन्त्री अजय प्रमुख, और राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली ने तीन बड़ी घोषणाएं की पहली की। एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया, दूसरा गीता निगम को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मनोनीत किया, तीसरा ललित भाटी जी गिरधरपुर को अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश मनोनीत किया।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि आज पूरे देश में किसान दुखी हैं। हमारा संगठन किसानों के लिए संघर्ष करेंगा। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष ललित भाटी ने कहा कि प्रदेश में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर किसानों को लूटने में लगे हैं।इस मौके पर श्रीमती प्रीति जी, श्रीमती साधना, डॉ इरफान जयसवाल, अंकित प्रधान, कृष्णवीर, नितिन, मोनू, विकास, अनुज, अरविन्द, अभय, मोहन, आलम खान, वकील खान, पवन चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, रविन्द्र चौधरी, सुधीर लोर, विनोद राठी, सतवीर नेता जी, सौनवीर सिंह खुटैल, प्रवीण चौधरी, मोहित मलिक,जन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी आदि।

# अलहिदायह पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को विकास खंड सेमरियावां के अलहिदायह पब्लिक स्कूल मीरपुर करही और अलहिदायह पब्लिक स्कूल सेमरियावां में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेमरियावां ब्लाक के अलहिदायह पब्लिक स्कूल मीरपुर करही और अलहिदायह पब्लिक स्कूल सेमरियावां में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। अलहिदायह पब्लिक स्कूल सेमरियावां में प्रबंध निदेशक अबरार अहमद और मोहम्मद अजहरुद्दीन और अलहिदायह पब्लिक स्कूल मीरपुर करही में प्रधानाचार्य तौफीक अहमद ने झंडारोहण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहम्मद अजहरुदीन , मोहम्मद अशरफ, प्रियांशु पाण्डेय, हैदर मंसूरी , विजय कुमार, अय्यूब खान, आरफा खातून, प्रधानाचार्य तौफीक अहमद, अजय कुमार यादव , शफीक अहमद, परवेज , मोहम्मद मोहसिन , नदिया खातून, आमरा खातून, शाइस्ता फिरोज, सबरीना खातून, सुमैया खातून और निदा शमश मौजूद रहे।

# पुलिस ने झपटमारी के मामले से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को 06 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन के साथ किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 संजय कुमार यादव, हे0का0 आकाश कुमार, का0 श्याम नरायन ने रविवार को 01 नफर अभियुक्त शाहरुख पुत्र इमरान निवासी गुलरिहा शेखापुर थाना मेहदावल हा0मु0 नम्बर 2727 शान्ति नगर रोड देवानन्द होटल न्यू आजाद नगर भिवंडी डाण्डे करवाडी थाने महाराष्ट्र को झपटमारी के 06 अदद एण्ड्रायड मोबाईल के साथ एचआरपीजी कालेज के निकट स्थिल ओपेन जिम के पास से गिरफ्तार किया गया ।दिनाँक 19.02.2025 को वादी आनन्द कुमार सिंह पुत्र रामजोखन सिंह निवासी स्टेशन पुरवा खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत मोटर साईकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों द्वारा मोती चौराहा रोड नियर जूनियर हाई स्कूल शिव मन्दिर के पास वादी का मोबाईल छपट्टा मारकर झीन लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर मु0अ0सं0 148/2025 धारा 304(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में प्रतिसार निरीक्षक के स्थानान्तरण पर रिजर्व पुलिस लाइन में की गयी ससम्मान विदाई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के उपस्थिति मे जनपद संतकबीरनगर में कार्यरत प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा के स्थानान्तरण के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन में ससम्मान विदाई की गयी ।विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा को माला पहनाकर, प्रतिमा व पुष्प गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये सम्मानपूर्वक विदाई की ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह, क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राज शेखर पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, क्षेत्राधिकारी लाइन अभयनाथ मिश्रा, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु अमित कुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# याया इंस्टिट्यूट का पारंपरिक सांस्कृतिक समारोह, और पुरस्कार वितरण के साथ-साथ स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया







**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम याया किड्स प्ले स्कूल, याया इंस्टीट्यूट कृष्णा गार्डन (एनडीआरएफ कैंटीन) का स्थापना दिवस, के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद एवं विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान द्वारा सर्वप्रथम ज्योतिप्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया डॉ अनिल अग्रवाल ने इंस्टिट्यूट की कुशल यात्रा को उत्कृष्टा के नए आयाम स्थापित करने के लिए बधाई दी मुख्य वक्ता ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि इंस्टिट्यूट का स्थापना दिवस प्रतिवर्ष बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है, यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो स्कूल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होता है। इस दिन को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है और इसमें कई आकर्षक गतिविधियाँ और कार्यक्रम शामिल होते हैं। पारंपरिक सांस्कृतिक समारोह और पुरस्कार वितरण के साथ-साथ, स्कूल इस अवसर पर ज़िले और राज्य के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और प्रख्यात शिक्षाविदों को आमंत्रित करता है। उनकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि वे आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूल के विकास को और बेहतर बनाने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और सुझाव प्रदान करते हैं।यह विशेष दिन सहयोग और ज्ञान साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, क्योंकि गणमान्य व्यक्तियों और शैक्षिक विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों पर सावधानी पूर्वक विचार किया जाता है और उन्हें अगले शैक्षणिक वर्ष में लागू किया जाता है। उनके बहुमूल्य सुझाव विद्यालय के समग्र विकास और प्रगति को आकार देने में मदद करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता कायम रहे। याया इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर अल्पना शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह स्कूल के कर्मचारियों और इसके संचालन में शामिल अन्य व्यक्तियों के समर्पित प्रयासों को मान्यता देने और उनकी सराहना करने का एक माध्यम भी है। यह स्कूल से जुड़े सभी सदस्यों को एक साथ आने, अपने अनुभव साझा करने और संस्था को आगे बढ़ाने वाली एकता और उद्देश्य की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।याया किड्स प्ले स्कूल, याया इंस्टीट्यूट अपने स्थापना दिवस समारोह को बहुत महत्व देता है, क्योंकि यह न केवल स्कूल की पिछली उपलब्धियों का, बल्कि भविष्य की आकांक्षाओं का भी प्रतीक है। यह दिन गर्व, उत्सव और अपने छात्रों को एक असाधारण शैक्षिक अनुभव प्रदान करते रहने के सामूहिक संकल्प से भरा होता है। दर्शकों ने देर रात तक छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया जो भारत के समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत प्रदर्शन था इस अवसर पर वक्ता राहुल गोयल एफसीआई भारत सरकार ने इंस्टिट्यूट के विभिन्न हितधारकों को कुछ कार्यकर्मों की शुरूआत से शुरू हुई सफलता की यात्रा में उत्कृष्टा के नए आयाम स्थापिता करने के लिए बधाई दी इस अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल, दीपक पाहवा एडवोकेट, अश्विनी शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, विनोद सोलंकी ग्रीन मैन, संजीव त्यागी, सुरेंद्र वशिष्ठ, देवेंद्र त्यागी, एस्ट्रोलॉजर हिना शर्मा, प्रिंसिपल शिल्पा शर्मा, आकांक्षा चौधरी, अंतिमा चौधरी, आशुतोष शर्मा, गजेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष गोविंदपुरम, संजीव शर्मा आदि मौजूद थे

## वैशाली सेक्टर-1 में सीवर समस्या का पार्षद ने किया समाधान


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1, प्लॉट नंबर 301 के पास लंबे समय से सीवर जाम की समस्या बनी हुई थी। स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद जब नगर निगम ने मौके पर जांच की तो पाया गया कि करीब 20 से 25 मीटर सीवर लाइन पूरी तरह बैठ चुकी है, जिसके चलते लगातार गंदगी और जलभराव की परेशानी हो रही थी। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने इस समस्या को गंभीरता से उठाया और नगर निगम से मिलकर समाधान की दिशा में पहल की। उनके प्रयासों से नई सीवर लाइन डालने का काम शुरू हो चुका है। रविवार को पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल स्वयं मौके पर पहुंचे और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम को तेजी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिल सके। इस मौके पर भाजपा नेता अवधेश कटिहार, शिव शंकर उपाध्याय और भूपेंद्र भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र में चल रहे कार्य का निरीक्षण किया और निवासियों को भरोसा दिलाया कि सीवर जाम की समस्या जल्द ही खत्म हो जाएगी। नई लाइन डालने के कार्य के शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद कुसुम मनोज गोयल और नगर निगम का आभार जताया।

## वसुंधरा के रामलीला ग्राउंड में गूँजी राधे-कृष्ण की गूंज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-1 स्थित रामलीला ग्राउंड जन्माष्टमी महोत्सव की भव्यता का गवाह बना। यहां आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने राधा और कृष्ण की झांकी प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। नन्हें कलाकारों की मोहक अदाओं और सजीव प्रस्तुतियों को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे और तालियों की गडगड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। महोत्सव में मंच पर सजी झांकियों ने ऐसा आभास कराया मानो वृंदावन की गलियां जीवंत हो उठी हों। छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कहीं कान्हा माखन चुराते नजर आए तो कहीं राधा संग रास रचाते। माता-पिता और उपस्थित लोगों ने बच्चों के उत्साह और कला की भरपूर सराहना की। रामलीला ग्राउंड में सजावट, झिलमिलाती रोशनियों और भक्ति गीतों ने ऐसा वातावरण रचा कि हर कोई कृष्ण भक्ति में डूब गया। कार्यक्रम के दौरान जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। जन्माष्टमी महोत्सव में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। महिलाएं और बच्चे भी पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए। मंच पर आयोजित प्रतियोगिताओं और झांकियों ने उत्सव को और भी खास बना दिया।

## 6 वर्षों से चुनाव न लड़ने वाली पार्टियों पर निर्वाचन आयोग का शिकंजा, कारण बताओ नोटिस

**गाजियाबाद।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों पर निर्वाचन आयोग ने सख्ती दिखाते हुए नोटिस जारी किए हैं। गाजियाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 121 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त पार्टियों ने वर्ष 2019 से 2025 तक आयोग द्वारा आयोजित किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया है। इस कारण आयोग ने इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इनमें गाजियाबाद की आरयूपीपी बहुजन सेना (पता–124ए/जी–1, सेक्टर–6, वैशाली, गाजियाबाद) और भारतीय कौटिल्य सेना (पता–आर–14/6 बेसमेंट, राजनगर, स्क्वायर मॉल के सामने, गाजियाबाद) भी शामिल हैं। इन दलों को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस भेजा गया है। निर्वाचन आयोग ने साफ कहा है कि सभी संबंधित पार्टियों के अध्यक्ष/महासचिव अपने प्रत्यावेदन को शपथपत्र और आवश्यक अभिलेखों सहित 21 अगस्त, 2025 तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय में उपलब्ध कराएँ। निर्वाचन आयोग ने इन दलों को सुनवाई का अवसर भी दिया है। यह सुनवाई 02 सितम्बर और 03 सितम्बर, 2025 को कार्यालय समय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. के समक्ष होगी। यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर संबंधित राजनीतिक दलों की ओर से कोई जवाब नहीं आता है, तो इसे उनकी चुप्पी माना जाएगा और आयोग इन दलों को राजनीतिक दलों की सूची से हटाने की संस्तुति करेगा। इस प्रकार, 6 साल से निष्क्रिय इन दलों की पंजीकरण मान्यता पूरी तरह समाप्त हो सकती है। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए केवल नाम मात्र के राजनीतिक दलों का अस्तित्व स्वीकार्य नहीं है। यदि कोई दल सक्रिय राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी नहीं करता तो उसे मान्यता बनाए रखने का अधिकार भी नहीं है।

## वरिष्ठ नेता के संरक्षण के आरोप से गरमाई गाजियाबाद की सियासत, पुलिस की भूमिका पर भी सवाल

**गाजियाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक पर हुए हमले का मामला अब एक नया और गंभीर मोड़ ले चुका है। बीती रात पार्किंग विवाद से शुरू हुआ झगड़ा अब भाजपा की आंतरिक राजनीति और गुटबाजी का चेहरा बनकर सामने आ रहा है। पार्टी के ही वरिष्ठ नेता मनोज वर्मा ने सोशल मीडिया पर बड़ा आरोप लगाया है कि पूनम कौशिक पर हमला करने वाली महिलाओं को भाजपा के एक ‘बड़े नेता’ का संरक्षण प्राप्त है। पार्किंग विवाद के बाद पूनम कौशिक पर महिलाओं ने हमला कर दिया था, जिसमें उन्हें चोटें आईं और अस्पताल ले जाना पड़ा। उन्होंने तुरंत थाने में शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से न लेते हुए हल्के में टालने की कोशिश की। इससे नाराज कार्यकताओं ने थाने पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता मनोज वर्मा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि यदि हमलावरों को पार्टी के भीतर से ही संरक्षण मिल रहा है, तो यह न केवल अनुशासनहीनता है बल्कि भाजपा की साख को ठेस पहुँचाने वाला कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि पूनम कौशिक पर समझौते और मामले को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जो महिला नेतृत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। पार्टी में दबाव और अंदरूनी राजनीति की चचाओं के बीच पूनम कौशिक ने साफ कहा है कि वह किसी भी हालत में पीछे नहीं हटेंगी। हमला करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है। यदि भाजपा की महिला पदाधिकारी पर हमला होता है और दोषियों को बचाने की कोशिश की जाती है, तो यह संगठन की छवि पर धब्बा है और महिला कार्यकताओं का मनोबल तोडे वाला है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और चाहे मामला कितना भी संवेदनशील हो, जांच निष्पक्ष और पारदर्शी रहेगी। इस पूरे प्रकरण ने गाजियाबाद की राजनीति को गरमा दिया है। एक ओर कार्यकर्ता पूनम कौशिक के समर्थन में खुलकर सामने आ रहे हैं, वहीं कुछ नेता चुप्पी साधे हुए हैं। इस चुप्पी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर पार्टी के भीतर किस तरह का दबाव काम कर रहा है। अब यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं रह गया है, बल्कि भाजपा की आंतरिक राजनीति और गुटबाजी का आईना बनकर उभर रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या पार्टी अपने ही नेता पर लगे आरोपों की परतें खोलेगी या मामला दबाव में धीरे–धीरे ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## क्राइम ब्रांच इंवेस्टीगेशन टीम में 12 निरीक्षकों की तैनाती

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गंभीर आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने क्राइम ब्रांच इंवेस्टीगेशन टीम (सीबीआईटी) को मजबूत करते हुए 12 निरीक्षकों की तैनाती की है। इस विशेष टीम को शुरूआती चरण में 200 मामलों की जांच सौंपी गई है, जिनमें धोखाधड़ी, घोटाले, बैंक और जमीन से जुड़े ठगी के मामले शामिल हैं। ये सभी मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं और अब पेशेवर अंदाज में इनकी जांच तेजी से पूरी की जाएगी। कमिश्नरेट का मानना है कि इस कदम के बाद आर्थिक अपराधों की जांच के लिए अलग से एसआईटी बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जनपद में दर्ज होने वाले लगभग 20 प्रतिशत केस धोखाधड़ी से जुड़े होते हैं, ऐसे में थाना पुलिस पर जांच का बोझ कम करने और प्रशिक्षित अधिकारियों से काम कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। आने वाले समय में क्राइम ब्रांच और साइबर टीम दोनों को और भी अधिक पुलिसकर्मियों से मजबूत किया जाएगा। डीसीपी स्तर से बड़े मामलों की जांच क्राइम ब्रांच इंवेस्टीगेशन टीम को सौंपी जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था को सिफारिश भेजी जाएगी और आदेश होने पर केस ट्रांसफर कर दिया जाएगा। वहीं, जिन थानों में दारोगा थानाध्यक्ष हैं, वहां दर्ज साइबर अपराधों की जांच साइबर क्राइम इंवेस्टीगेशन टीम (सीसीआईटी) से कराई जाएगी। साइबर अपराध की जांच को तेजी से पूरा करने के लिए सीसीआईटी में भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

## धर्म और आस्था का महाकुंभः कविनगर में भूमि पूजन के साथ रामलीला महोत्सव का आगाज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर भारत की सबसे भव्य और विशिष्ट रामलीलाओं में शुमार कविनगर की श्री धार्मिक रामलीला का बेसब्री से इंतजार अब समाप्त हो गया है। रविवार को पूरे शहर ने आस्था, श्रद्धा और भक्ति के उस अनुपम संगम का साक्षी बना, जब भूमि पूजन के साथ रामलीला महोत्सव-2025 की तैयारियों का शुभारंभ हुआ। कविनगर रामलीला मैदान में हजारों की संख्या में राम भक्तों, संत-महात्माओं और भक्तजनों की मौजूदगी में भूमि पूजन का आयोजन ऐसे हुआ मानो स्वयं अयोध्या धाम का दिव्य आभास गाजियाबाद में उतर आया हो। वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के बीच हुआ भूमि पूजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि यह भक्ति, संस्कृति और भारतीय परंपरा का विराट उत्सव बन गया। भूमि पूजन के दौरान माहौल पूरी तरह भक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया। सांसद अतुल गर्ग, समिति अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा और कौशांबी यशोदा अस्पताल के निदेशक पी.एन. अरोड़ा ने संयुक्त रूप से फावड़ा चलाकर परंपरागत रीति से भूमि पूजन किया और रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शहर और प्रदेश की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। जिनमें दूधेश्वर नाथ मठ के प्रमुख महंत नारायण गिरी महाराज, आध्यात्मिक गुरू पवन सिंहा, सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी, दिनेश गोयल एमएलसी, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक संजीव शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, यशोदा अस्पताल के प्रबंध निदेशक पीएन अरोड़ा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा और आशा शर्मा, समाजसेवी सुनील मिगलानी (मिगसन ग्रुप) पार्षद अमित त्यागी एवं शिवम शर्मा, बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी और सुरेंद्र मुन्नी, भाजपा नेता अशोक मोंगा आदि मौजूद रहे।

## अपंजीकृत होटल/सराय संचालकों के खिलाफ जिला प्रशासन सख्तः सिटी मजिस्ट्रेट

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद।** सिटी मजिस्ट्रेट/नोडल अधिकारी डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि जनपद गाजियाबाद में लगभग 2500 होटल/सराय/लॉज/मैरीज होम/ओयो संचालित हैं, जिसमें से 350 पंजीकृत है, उन 350 में से भी 200 होटल की फायर की एनओसी समाप्त हो चुकी है जिसके लिए उन्हें नोटिस भेज गये हैं। इसके साथ ही 413 होटल संचालकों द्वारा सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत पंजीयन हेतु आवेदन किया गया है, किन्तु उनके द्वारा भी होटल संचालन सम्बंधित सभी विभागों से एनओसी प्राप्त नहीं की गयी। मजिस्ट्रेट ने बताया कि सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत सभी होटल /सराय /लॉज /मैरीज होम /ओयो आदि आते हैं और उन्हें सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत पंजीकरण करवाना होता है, जिसका निःशुल्क पंजीकरण फार्म वीआईपी बाबू, कलेक्ट्रेट परिसर से किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय पर प्राप्त किया जा सकता है और आपको पंजीकरण फार्म भी वहीं जमा करवाना है, जिसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम हैं। इसके साथ आपको होटल, सराय आदि के संचालन हेतु 06 प्रकार की एनओसी प्राप्त करनी होती है जो कि आपको पुलिस, फायर, पर्यटन, विद्युत, राजस्व व सम्बंधित नगर निकाय से प्राप्त करनी होती है। सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी अपंजीकृत होटल /सराय /लॉज /मैरीज होम /ओयो आदि के प्रबंधकों/संचालकों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

## मसूरी पुलिस और गोकश अयान के बीच मुठभेड़, दबोचा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जब थाना मसूरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक वांछित गोकश अयान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अयान पुत्र अनीश निवासी ग्राम उझारी, थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। वह लंबे समय से गौकशी के मामले में फरार चल रहा था। थाना मसूरी पुलिस टीम पाइप लाइन बंबे फ्लैटों के पास पुलिया पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कल्लूगढ़ी की ओर से एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की। भागते-भागते उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने बताया कि आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान अयान के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल होते ही आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। अयान की तलाशी लेने पर पुलिस को एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। साथ ही उसके पास से बिना नंबर प्लेट की एक एफजेड बाइक भी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। बाइक के असली मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अयान मसूरी क्षेत्र में दर्ज गौकशी के मामले में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदलता रहा। फिलहाल वह खोड़ा क्षेत्र स्थित नूरानी मस्जिद के पास रह रहा था और वहीं से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा था।